mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-29 अंक-22 | पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

रीवा

22 जनवरी 2025 बुधवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



खेल से बड़ा कोई ...
@ पेज 7

# किन्नर अखाड़े में भारी संख्या में श्रद्धालु आशीर्वाद लेने के लिए पहुंच रहे



**प्रयागराज (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जारी महाकुम्भ में किन्नर अखाड़े में भारी संख्या में श्रद्धालु आशीर्वाद लेने के लिए पहुंच रहे हैं। किन्नर वर्ग के लिए 10 साल पहले 'अखाड़ा' रजिस्टर्ड

### ● किन्नर समुदाय के 3 हजार से भी ज्यादा लोग अखाड़े में रह रहे

कराने के दौरान समुदाय को कड़े विरोध का सामना करना पड़ा था, लेकिन उनका आशीर्वाद लेने पहुंची रही श्रद्धालुओं की भीड़ ने उम्मीद जगाई है कि आखिरकार समाज उन्हें स्वीकार करेगा। किन्नर समुदाय के 3 हजार से भी ज्यादा लोग अखाड़े में रह रहे हैं और संगम में डुबकी लगा रहे हैं। इनमें अधिकांश लोग ऐसे हैं जिनके परिवार ने उन्हें छोड़ दिया था। खुद की पहचान महिला के रूप में करने वालीं किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर पवित्रा नंदन गिरि ने कहा कि समाज ने हमेशा किन्नरों का तिरस्कार किया है। उन्होंने कहा,'हमें हमेशा से हीन भावना से देखा जाता रहा है। जब हमने अपने लिए अखाड़ा रजिस्टर्ड कराना चाहा, तो हमारे धर्म को लेकर सवाल उठाए गए। हमसे पूछा गया कि हमें इसकी क्या जरूरत है? विरोध के बावजूद, हमने 10 साल पहले इसे रजिस्टर्ड कराया और यह हमारा पहला महाकुम्भ है।' अखाड़े ऐसी संस्थाएं हैं जो विशिष्ट आध्यात्मिक परंपराओं और प्रथाओं के तहत संतों (तपस्वियों) को एक साथ लाती हैं।
पवित्रा नंदन गिरि ने कहा,'आज हम भी संगम में डुबकी लगा सकते हैं, अन्य अखाड़ों की तरह शोभा यात्रा निकाल सकते हैं और अनुष्ठान कर सकते हैं। अखाड़े में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और हमारा आशीर्वाद लेने के लिए लंबी कतार लग रही है। उम्मीद है कि समाज में भी हमें स्वीकारा जाएगा।' नर्सिंग ग्रेजुएशन कर चुकीं गिरि ने कहा कि जैसा कि कई ट्रांसजेंडर लोगों के साथ होता है उसी तरह उनके परिवार ने भी उन्हें छोड़ दिया। उन्होंने कहा, 'हमारे लिए जीवन कठिन है। बचपन में मैं अपने भाई-बहनों के साथ खेलती थी, इस बात से अनजान कि मैं उनमें से नहीं हूं।'
किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर ने कहा, 'एक बार जब मुझे पता चला तो सभी ने मेरे साथ ऐसा व्यवहार किया जैसे मैं हीन या अछूत हूं। मैंने अपनी शिक्षा भी पूरी की, लेकिन फिर भी भेदभाव का दंश झेलना पड़ा।' अखिल भारतीय किन्नर अखाड़ा महाकुम्भ में 14वां अखाड़ा है। महाकुम्भ में 13 अखाड़ों को 3 समूहों में बांटा गया है, संन्यासी (शैव), बैरागी (वैष्णव) और उदासीन। प्रत्येक अखाड़े को कुछ अनुष्ठानों के लिए विशिष्ट समय दिया जाता है। जूना अखाड़ा 13 अखाड़ों में सबसे पुराना और सबसे बड़ा है। महामंडलेश्वर लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी ने कहा कि महाकुम्भ में उनके साथ अन्य संतों जैसा ही व्यवहार किया जाता है। उन्होंने कहा,'हम प्रार्थना में भाग ले रहे है, भजन गा रहे हैं और यज्ञ कर रहे हैं। लोग हमसे एक रुपये के सिक्के लेने के लिए कतार में खड़े हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### डब्ल्यूएचओ से अमेरिका ने खुद को किया बाहर

**बीजिंग (एजेंसी)।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस विश्व संस्था से अमेरिका के अलग होने की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा पर खेद व्यक्त किया है। साथ ही डब्ल्यूएचओ ने उम्मीद जताई है कि अमेरिका अपने फैसले पर पुनर्विचार करेगा और साझेदारी को बनाए रखने के लिए रचनात्मक बातचीत में शामिल होगा। डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को शपथ ग्रहण के तुरंत बाद अमेरिका को डब्ल्यूएचओ से बाहर निकालने की



प्रक्रिया शुरू करने वाले एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए। पांच साल से भी कम समय में यह दूसरी बार है जब अमेरिका ने वैश्विक निकाय से हटने का आदेश दिया है। ट्रंप लंबे समय से डब्ल्यूएचओ की आलोचना करते रहे हैं। अपने पहले कार्यकाल के दौरान अमेरिका को इस वैश्विक स्वास्थ्य संस्था से अलग करने का प्रयास कर चुके हैं, लेकिन उनके उत्तराधिकारी जो बाइडेन ने इस योजना को रोक दिया था। ट्रंप ने एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किया है, जिसमें कहा गया कि राष्ट्रपति संयुक्त राष्ट्र महासचिव को एक पत्र भेज रहे हैं, जिसमें उन्हें औपचारिक रूप से अमेरिका की वापसी की योजना के बारे में सूचित किया जाएगा। डब्ल्यूएचओ ने एक बयान में कहा, 'विश्व स्वास्थ्य संगठन इस घोषणा पर खेद व्यक्त करता है कि अमेरिका संगठन से हटना चाहता है। हमें उम्मीद है कि अमेरिका इस पर पुनर्विचार करेगा और हम पूरी दुनिया में लाखों लोगों की सेहत और भलाई के लिए अमेरिका तथा डब्ल्यूएचओ के बीच साझेदारी बनाए रखने के वास्ते रचनात्मक बातचीत में संलग्न होने के लिए तत्पर हैं।'

### इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर भूस्खलन और बाढ़ ने मचाई तबाही

**जकार्ता (एजेंसी)।** इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर अचानक बाढ़ आने और भूस्खलन होने के कारण 16 लोगों की मौत हो गई और 9 अन्य लापता हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि बचाव कर्मियों ने राहत एवं बचाव कार्य के दौरान 16 लोगों के शव बरामद



किए, जो मुख्य द्वीप जावा के पर्वतीय क्षेत्र में स्थित गांवों में अचानक आई बाढ़ में बह गए थे। ये शव मलबे और चट्टानों के नीचे दबे हुए थे। उन्होंने बताया कि बाढ़ और भूस्खलन की घटना में 9 लोगों के लापता होने की सूचना है। स्थानीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख बर्गस कैटुरसारी ने बताया कि सोमवार को हुई मूसलाधार बारिश के कारण नदियों में आई बाढ़ ने मध्य जावा प्रांत के पेकलोंगन रीजेंसी के 9 गांवों को अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान पवर्तीय क्षेत्र में पहाड़ों की ढलानों से मिट्टी और चट्टानें नीचे गिरे, कई पेड़ भी उखड़ गए। उन्होंने कहा कि बचाव कर्मियों ने सबसे ज्यादा प्रभावित पेटुंगक्रिओनो गांव से मंगलवार तक कम से कम 16 शव निकाले। उन ग्रामीणों की तलाश जारी है जो लापता हैं। कैटुरसारी ने बताया कि 10 घायल आपदाग्रस्त क्षेत्र से किसी तरह बच निकलने में कामयाब रहे और उन्हें पास के अस्पतालों में ले जाया गया है। अक्टूबर से मार्च तक होने वाली मौसमी बारिश अक्सर इंडोनेशिया में बाढ़ और भूस्खलन का कारण बनती है। इंडोनेशिया 17,000 द्वीपों का एक द्वीपसमूह है जहां लाखों लोग पवर्तीय क्षेत्रों या बाढ़ संभावित मैदानी इलाकों के पास रहते हैं।

## डोनाल्ड ट्रंप के मुरीद हुए शशि थरूर, बोले- उनके पद पर रहने के दौरान कभी नीरस पल नहीं आएगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुरुआती बयानों से पता चलता है कि उनके पद पर रहने के दौरान कभी भी कोई नीरस क्षण नहीं आएगा। उन्होंने यह उम्मीद भी जताई कि ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में भारत और अमेरिका के बीच संबंध अच्छे रहेंगे। ट्रंप ने सोमवार को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। उन्होंने कई शासकीय आदेश जारी किए और कहा कि अमेरिका का ''स्वर्ण युग'' अभी से शुरू होता है। पूर्व विदेश राज्य मंत्री थरूर ने कहा, ''जहां तक ??भारत का सवाल है, मुझे लगता है कि संबंध मूलत~



अच्छी स्थिति में हैं। उनके पहले प्रशासन के दौरान दोनों देशों के बीच बहुत अच्छे संबंध थे, जिनमें एक या दो नकारात्मक बातें मुख्य रूप से व्यापार से संबंधित थीं।'' उन्होंने कहा, ''ऐसी अफवाह पहले से ही है कि वह संभवतः अप्रैल की शुरुआत में भारत यात्रा पर आ सकते हैं। अगर ऐसा होता है, तो यह स्पष्ट रूप से एक बहुत ही सकारात्मक संकेत होगा।''अमेरिका के 2017 से 2021 तक राष्ट्रपति रहे डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले साल नवंबर में दूसरी बार राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की। इसे अमेरिकी इतिहास में किसी नेता की सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी कहा गया। ट्रंप ने कड़े चुनावी मुकाबले में अपनी डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस को पराजित किया।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ

## भारत को सही समय पर सही नेता मिला है: सीएम चंद्रबाबू नायडू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नायडू ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि भारत को सही समय पर सही नेता मिला है, जो देश को विभिन्न आर्थिक और सामाजिक मानदंडों पर शीर्ष पर ले जाने की क्षमता रखते हैं। नायडू ने यह बयान '2047 तक स्वर्ण आंध्र' पर एक आर्थिक कार्यबल की शुरुआत के मौके पर दिया, जिसमें राज्य के विकास और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई। सीआईआई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में नायडू ने कहा कि उनके राज्य आंध्र प्रदेश में विकास की अपार संभावनाएं हैं और राज्य सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने भारतीय समाज की वैश्विक स्वीकार्यता का भी जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय दुनिया भर में सबसे अधिक स्वीकार्य समुदाय हैं, और यह रुझान भविष्य में भी जारी रहेगा। नायडू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा, ÷हमारे पास सही समय पर सही नेता हैं। मोदी जी के पास देश के लिए सुधारों और नीतिगत दिशा के बारे में स्पष्ट दृष्टिकोण है।÷ उन्होंने विश्वास जताया कि भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा और विभिन्न क्षेत्रों में दुनिया के शीर्ष



स्थानों पर पहुंचेगा। मुख्यमंत्री ने गरीबी, भुखमरी और अन्य सामाजिक मुद्दों से निपटने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल से पी4 मॉडल की दिशा में कदम बढ़ाने की वकालत की। पी4 मॉडल का मतलब है 'सार्वजनिक, निजी और जन भागीदारी', जो सामाजिक और आर्थिक सुधारों के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। इस कार्यक्रम में चंद्रबाबू नायडू ने सीआईआई के साथ मिलकर प्रतिस्पर्धा पर वैश्विक नेतृत्व केंद्र की स्थापना की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह केंद्र वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा और नेतृत्व से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं पर काम करेगा। कार्यक्रम में उपस्थित टाटा समूह के प्रमुख एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि '2047 तक स्वर्ण आंध्र' पर आर्थिक कार्यबल का सह-अध्यक्ष बनना उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने नायडू के नेतृत्व में एकीकृत आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर की गई आर्थिक दूरदर्शिता की सराहना की। चंद्रशेखरन ने कहा, ÷हम 2047 के लिए एक रोडमैप तैयार कर रहे हैं, और इसके लिए जरूरी योजनाओं को जल्द ही लागू किया जाएगा।

## संभल हिंसा: न्यायिक जांच आयोग की टीम को हिंदुओं ने सुनाया अपना दर्द



**संभल (एजेंसी)।** यूपी के संभल जिले में 24 नवंबर 2024 को हुई हिंसा को लेकर जांच के लिए मंगलवार को न्यायिक जांच आयोग की तीन सदस्य टीम संभल पहुंची। सबसे पहले टीम ने शाही जामा मस्जिद के अंदर निरीक्षण किया। इसके बाद टीम दंगा प्रभावित इलाके में पहुंची। जहां उन्होंने दंगे से जुड़े साक्ष जुटाए। इसके बाद न्यायिक जांच आयोग की टीम संभल के सर्किट हाउस पहुंची जहां उन्होंने 24 नवंबर को हिंसा को लेकर बयान दर्ज करने के लिए एक कैंप आयोजन किया। वहीं और लोगों ने बताया कि 24 नवंबर को हुई हिंसा में अगर पुलिस प्रशासन अपने ऊपर गोली और पथराव नहीं खाता तो संभल में एक बार फिर 1978 वाली स्थिति होती और 1978 पार्ट 2 संभल में देखने को मिलता। संभल में लोगों ने अस्थाई मुख्यालय को लेकर भी मांग की है कि संभल में ही मुख्यालय बनाया जाए ताकि सारे अधिकारी और सुरक्षा व्यवस्था संभल में रहे ताकि इस तरह का माहौल बिगड़ने पर हिंदुओं की रक्षा हो सके।

## पुणे में गिलियन-बैरे सिंड्रोम के 22 संदिग्ध मामले आए सामने

### ज्यादातर पेशेंट की 12 से 30 के बीच उम्र

**पुणे (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के पुणे में गिलियन-बैरे सिंड्रोम (त्नक्क) के 22 संदिग्ध मामले सामने आने के बाद नगर निगम के अधिकारियों ने मरीजों की विस्तृत जांच की है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुणे नगर निगम (पीएमसी) के स्वास्थ्य विभाग ने मरीजों के सैंपल जांच के लिए आईसीएमआर-एनआईवी को भेजे हैं। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि इनमें से अधिकतर मामले शहर के सिंहगढ़ रोड इलाके से सामने आए। डॉक्टरों के अनुसार, गिलियन-बैरे सिंड्रोम एक दुर्लभ स्थिति है, जिसमें अचानक सुन्नता और मांसपेशियों में कमजोरी हो जाती है। इसके साथ ही इस बीमारी में अंगों में गंभीर कमजोरी जैसे लक्षण भी होते हैं।
नागरिक स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख डॉ. नीना बोराडे ने बताया कि शहर के तीन से चार अस्पतालों में जीबीएस के 22 संदिग्ध मामले सामने आए हैं। उन्होंने बताया, ÷पिछले दो दिनों में गिलियन-बैरे सिंड्रोम के संदिग्ध मामलों की रिपोर्ट सामने आई हैं।÷ बोराडे ने बताया कि हमने विस्तृत जांच शुरू कर दी है और एक विशेषज्ञ पैनल का गठन किया है। उन्होंने बताया कि हमने इन संदिग्ध मामलों के सैंपल आगे की जांच के लिए आईसीएमआर-एनआईवी को भी भेजे हैं।



डॉ. बोराडे ने बताया कि जीवाणु और वायरल संक्रमण आम तौर पर जीबीएस का कारण बनते हैं क्योंकि वे रोगियों की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करते हैं। उन्होंने बताया, ÷यह बच्चों और युवाओं दोनों आयु वर्ग को हो सकता है। हालांकि, जीबीएस महामारी या वैश्विक महामारी का कारण नहीं बनेगा। उपचार के जरिये अधिकांश लोग इस स्थिति से पूरी तरह ठीक हो जाते हैं।÷ उन्होंने बताया, हमने एनआईवी के वैज्ञानिकों और महामारी विज्ञानियों सहित विशेषज्ञों का एक पैनल गठित किया है। मरीजों की विस्तृत निगरानी की जाएगी। अभी घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

## मुठभेड़ में 16 नक्सलियों को किया ढेर

### नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी

**मुंबई (एजेंसी)।** नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर मुठभेड़ में 16 नक्सलियों के मारे जाने की खबर सामने आई है। छत्तीसगढ़ पुलिस के मुताबिक, ये मुठभेड़ छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर गरियाबंद इलाके में हुई है। पुलिस ने बताया है कि नक्सलियों के साथ मुठभेड़ अभी भी जारी है। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ भी सकती है।

छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर नक्सलियों के खात्मे के लिए सुरक्षाबलों का अभियान 24 घंटे से ज्यादा समय से जारी है। इससे पहले सोमवार को मुठभेड़ हुई थी जिसमें महिला नक्सलियों की मौत हुई थी। वहीं, सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हो गया था। इसके बाद सोमवार देर रात और मंगलवार सुबह मुठभेड़ हुई, जिसमें 16 नक्सलियों के मारे जाने की खबर सामने आई है। गरियाबंद मुठभेड़ के बाद अब तक 16 नक्सलियों के शव बरामद हो चुके हैं। मुठभेड़ वाले स्थल से एके 47, एसएलआर, इंसास और अन्य स्वचालित



हथियार बरामद किये गये हैं। सर्च ऑपरेशन जारी है। मारे गए नक्सलियों में 1 करोड़ का इनामी नक्सली जयराम उर्फ चलपती भी शामिल है।

सुरक्षाबलों को छत्तीसगढ़ के कुलारीघाट रिजर्व वन में बड़ी संख्या में नक्सलियों या माओवादियों की मौजूदगी के बारे में जानकारी मिली थी। ये इलाका ओडिशा के नुआपाड़ा जिले के बॉर्डर से लगभग पांच किलोमीटर दूर स्थित है। इसके बाद 19 जनवरी को रात में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के खिलाफ अभियान शुरू किया था। जानकारी के मुताबिक, नक्सलियों के खिलाफ जारी इस अभियान में छत्तीसगढ़ से जिला रिजर्व गार्ड, सीआरपीएफ और ओडिशा से एसओजी की संयुक्त टीम शामिल है।

सोमवार को अभियान के दौरान मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार, गोलाबारूद और एक 'सेल्फ लोडिंग' राइफल मिली थी और बारूदी सुरंग का पता चला था। उन्होंने बताया कि मारे गए माओवादियों की संख्या बढ़ सकती है।

## दिल्ली-एनसीआर में ठंड का असर हुआ कम

### दोपहर के समय निकलने वाली धूप से लोगों को मिल रही काफी राहत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश समेत उत्तर भारत के सभी राज्यों में ठंड का दौर जारी है। सुबह और रात के वक्त कड़ाके की ठंड पड़ रही है और दोपहर के समय निकलने वाली धूप से लोगों को काफी राहत मिल रही है। हालांकि इस बीच उत्तर प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। दरअसल बीते कुछ दिनों से प्रदेश के तापमान में थोड़ी वृद्धि दर्ज की गई है और ठंड में भी कमी आने लगी है। बता दें कि केवल उत्तर प्रदेश में नहीं बल्कि दिल्ली एनसीआर के तापमान में भी बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है और ठंड का असर अब धीरे-धीरे कम होने लगा है। वहीं राजधानी दिल्ली व एनसीआर में कोहरा भी अब खत्म हो चुका है।
मंगलवार को पूर्वी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी यूपी के हिस्सों में मौसम के साफ रहने की संभावना जताई गई है। हालांकि इस दौरान कुछ स्थानों पर हल्का कोहरा देखने को मिल सकता है। बता दें कि राज्य में मंगलवार को



20-30 घंटा किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। बता दें कि यूपी में ठंड का असर अब कम हने लगा है। वहीं मौसम विभाग की मानें तो अगले दो दिनों में राज्य में बारिश देखने को मिल सकती है। बारिश के बाद तापमान में गिरावट आने का पूर्वानुमान लगाया गया है। ऐसे में बारिश के बाद तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है, जिसके बाद फिर से ठंड के स्तर में बढ़ोत्तरी देखने को मिल सकती है।
बता दें कि दिल्ली, हरियाणा, यूपी, बिहार, पंजाब समेत अन्य कई राज्यों में ठंड का दौर जारी है। हालांकि ठंड का प्रकोप अब कम जरूर होने लगा है और घने कोहरे से लोगों को राहत मिल रही है। बता दें कि बीते कई दिल्ली में घना कोहरा देखने को मिल रहा था और लगातार कड़ाके की ठंड झेलनी पड़ रही थी। हालांकि अब कड़ाके की ठंड का असर कम होने लगा है। सुबह और रात के वक्त तापमान में गिरावट जरूर देखने को मिल रही है। लेकिन दोपहर के वक्त तापमान में होने वाली बढ़ोत्तरी से लोगों को गर्मी का भी सामना करना पड़ रहा है। इस बीच दिल्ली-एनसीआर में घना कोहरा भी अब खत्म हो चुका है।

## दिल्ली में कांग्रेस को बड़े नेता ने दिया झटका, अपने समर्थकों के साथ आप में शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर सत्ताधारी आम आदमी पार्टी से लेकर विपक्षी भाजपा तक, हर दल के बड़े नेता चुनावी रैलियों के जरिये एक-दूसरे को घेर रहे हैं। साथ ही नेता एक पार्टी से दूसरी पार्टी में आ और जा रहे हैं। इस बीच कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के दिग्गज नेता लोकेश बंसल ने आज पार्टी का साथ छोड़ दिया। बंसल कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए हैं। बंसल के आप में शामिल होने के



बाद पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि लोकेश बंसल नई दिल्ली विधानसभा में कांग्रेस के सर्वेसर्वा हैं। इनके आने से नई दिल्ली विधानसभा में कांग्रेस खत्म हो गई है। इन्होंने हमें कहा कि कांग्रेस में देश के लिए कुछ करने गया था, लेकिन आज कांग्रेस बीजेपी की गोद में बैठ गई है। बीजेपी गरीबों के लिए खतरनाक पार्टी है। वहीं, आपको बता दें कि अरविंद केजरीवाल की काम की राजनीति से प्रभावित होकर कांग्रेस छोड़कर दो और नेता आज आम आदमी पार्टी में शामिल हुए हैं। आप की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की सीएम आतिशी ने सभी नेताओं को पटका और टोपी पहनाकर आम आदमी पार्टी की सदस्यता दिलाई। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर ट्वीट कर कहा, ÷कालकाजी का आम आदमी पार्टी का परिवार बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस के कालकाजी माइनॉरिटी विंग अध्यक्ष गुफरान चौधरी और बदरपुर जले के सोशल मीडिया अध्यक्ष परवेज ने आम आदमी पार्टी जॉइन की।

# भारत के प्राचीन सिक्कों पर केन्द्रित विषय युग युगीन सिक्के प्रदर्शनी 22 जनवरी से

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय, भोपाल के अंतर्गत डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर पुरातत्व शोध संस्थान, भोपाल द्वारा अश्विनी शोध संस्थान, महिदपुर, उज्जैन के सहयोग से भारत के प्राचीन सिक्कों पर केन्द्रित विषय युग युगीन सिक्कें पर प्रदर्शनी लगाई जा रही है। प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रो. वैद्यनाथ लाभ, कुलगुरु, सॉची बौद्ध भारतीय अध्ययन विश्वविद्यालय के गरिमामय उपस्थिति में 22 जनवरी को अपरान्ह 2ः30 बजे किया जायेगा। राज्य संग्रहालय, श्यामला हिल्स, भोपाल में प्रदर्शनी 28 जनवरी तक दर्शकों के लिए उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर प्रथम दिन मुद्राशास्त्र पर आधारित विषयों पर मुद्राशास्त्र के लब्ध प्रतिष्ठि विद्धानों द्वारा अपने शोध पत्रों का वाचन कर मुद्राशास्त्र के विभिन्न आयामों को उजागर किया जायेगा। आयोजन की अगली कड़ी में 28 जनवरी को सायं 5ः30 बजे लोक गायक श्री सुरेश प्रसाद कुशवाह द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

# प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के दूसरे चरण का सर्वे, पात्र परिवार 31 मार्च तक जुड़वा सकते हैं नाम

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के द्वितीय चरण के लिए सर्वे प्रारंभ हो गया है। इसमें पात्र परिवारों के नाम 31 मार्च तक स्थाई प्रतीक्षा सूची में जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। योजना अंतर्गत केन्द्रीय मंत्री-मण्डल ने योजना को आगामी पांच वर्ष के लिये वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक की मंजूरी दी है। इस संबंध ने ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने आवास प्?लस की सूची को अद्यतन करने के लिए आवास प्लस सर्वे 2024 प्रारंभ किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सर्वे जिले में ग्राम पंचायत में नियुक्त किये गये सर्वेयर सचिव/रोजगार सहायक द्वारा किया जायेगा। सर्वे कार्य आवास प्लस एप-2024 से किया जाएगा। इसमें हितग्राही स्वयं के मोबाईल से भी आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए मोबाइल एप्लीकेशन आवास प्लस 2.0 ग्रामीण विकास मंत्रालय एन.आई.सी द्वारा निर्मित किया गया है। इस ऐप की लिंक आवास सॉफ्ट पोर्टल पर भी उपलब्ध है। सर्वे के लिए समस्त जिले/जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारियों एवं नामांकित सर्वेयर को प्रशिक्षण दिया गया है। सर्वे 31 मार्च 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा एक अप्रैल 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) प्रारंभ की गई। जिसके अंतर्गत सभी पात्र बेघर परिवारों और कच्चे तथा जीर्ण-शीर्ण मकानों में रह रहे परिवारों को बुनियादी सुविधा युक्त पक्का आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

# विद्युत कनेक्शन के स्थायी विच्छेदन के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया शुर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं के लिए स्थायी रूप से बिजली कनेक्शन के विच्छेदन हेतु अब बिजली कार्यालय जाने की जरूरत नहीं होगी। उन्हें अब पर ऑनलाइन आवेदन करते हुए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना होगा। कंपनी ने कहा है कि इसके लिए उपभोक्ता को पोर्टल पर पीडीसी ऑप्शन को क्लिक करना होगा। जिसके बाद ओटीपी के माध्यम से आवेदन की प्रक्रिया आरंभ होगी। स्थायी रूप से बिजली कनेक्शन के विच्छेदन के लिए उपभोक्ता को संबंधित कनेक्शन पर बकाया राशि को जमा करना होगा, इसके बाद ही पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। वापसी योग्य राशि प्राप्त करने के लिए बैंक खाता अथवा किसी अन्य कनेक्शन में समायोजन के लिए उस कनेक्शन का आईवीआरएस नंबर डालना होगा। उपभोक्ता इसी पेज पर अपने आवेदन की वर्तमान स्थिति का भी पता लगा सकते हैं।

# ऑनलाइन बिल सुधार प्रक्रिया लागू, समय -सीमा में होगा निराकरण

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** क्या आपको बिजली बिल के संबंध में कोई शिकायत है ? अगर हाँ, तो अब न तो बिजली कार्यालय जाना पडेगा और न ही शिकायत हल होने में लगने वाले समय से परेशान होने की जरूरत है। अब मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं की बिल संबंधी सभी शिकायतों को हल करने के लिए ऑनलाइन बिल सुधार प्रक्रिया लागू कर दी है। अब उपभोक्ताओं की बिल संबंधी शिकायत के संबंध में पर ऑनलाइन आवेदन करने पर उसका हल किया जाएगा। इस संबंध में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के आईटी अनुभाग द्वारा कार्रवाई तेज कर दी है। गौरतलब है कि कंपनी द्वारा निर्धारित ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत अब उपभोक्ताओं की आकलित खपत, अधिक राशि के बिल, गलत बिल जारी होने संबंधी इत्यादि शिकायतों को निर्धारित समयावधि में हल किया जाएगा। इससे उपभोक्ताओं का समय भी बचेगा और कंपनी की पारदर्शी सेवा का लाभ भी मिल सकेगा।

# रीवा बायपास कार्य समय-सीमा में करें पूर्ण-उप मुख्यमंत्री

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि रीवा-बायपास परियोजना क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके पूर्ण होने से न केवल शहर में यातायात का दबाव कम होगा, बल्कि क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में भी सुधार होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में रीवा-बायपास परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करना सर्वोपरि है, जिससे आमजन को इस महत्वपूर्ण परियोजना का शीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरे किए जाएं। बैठक में एमडी एमपीआरडीसी श्री अविनाश लवानिया सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



# बिजली-फसल के रेट को लेकर भाकिसं ने सौंपा ज्ञापन

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। भारतीय किसान संघ ने मंगलवार को प्रदेश के सभी जिलों में कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपे। उन्होंने प्रदेश में 2700 रुपए प्रति क्विंटल पर गेहूं खरीने की मांग की। साथ ही बिजली की पर्याप्त आपूर्ति की भी मांग उठाई। भोपाल में दोपहर 1 बजे किसान संघ ने कलेक्टोरेट पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर राजेश सोरते को ज्ञापन सौंपा। इससे पहले वे रैली के रूप में कलेक्टोरेट पहुंचे। नारेबाजी करते हुए उन्होंने सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। कलेक्टोरेट पहुंचे किसानों ने गाड़ी में आग लगाने वाले किसान परिवार को न्याय देने की मांग की। भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि परेशान होकर किसान ने यह कदम उठाया है। इसलिए उसे न्याय मिलना चाहिए। किसान संघ उसके साथ है। भाजपा ने घोषणा पत्र में 2700 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं खरीदने की घोषणा की थी, इसे पूरा किया जाए। प्रदेश में धान का रकबा बहुत अधिक हो गया है। इसलिए प्रदेश को बासमती का दर्जा दिया जाए। धान समर्थन मूल्य पर खरीदी से 1000 रुपए क्विंटल कम पर बिक रहा है। धान को 4 हजार रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदा जाए। सितंबर में भारतीय किसान संघ ने सोयाबीन को लेकर पूरे प्रदेश में जन आंदोलन चलाया था। उस समय मुख्यमंत्री ने 6 हजार रुपए प्रति क्विंटल के रेट से सोयाबीन खरीदने का आश्वासन दिया था। सोयाबीन इसी रेट पर खरीदा जाए। खाद की जरूरत को ध्यान में रखकर उसकी पर्याप्त व्यवस्था की जाए। रेसई परियोजना को बैरसिया होते हुए सम्राट अशोक सागर बांध से जोड़ा जाए। वहीं, टेम परियोजना को सिंचाई के लिए जममेरी में फुल स्टॉक किया जाए। कृषि पंप के लिए बिजली बिना ट्रिपिंग के 10 घंटे दी जाए। जर्जर तार और पोलों को बदला जाए।

# भोपाल में 9 मार्च को होगा युवा परिचय सम्मेलन, 18 राज्यों से जुटेंगे लोग

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल में कुनबी समाज का 19वां निःशुल्क अंतर्राष्ट्रीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन 9 मार्च 2025 को आयोजित किया जाएगा। बरखेड़ा भेल स्थित चपाती केंद्र के पास मैदान में होने वाले इस कार्यक्रम में 18 राज्यों के साथ-साथ विदेशों में रह रहे समाज के लोग भी शामिल होंगे। अखिल भारतीय लोणारी कुनबी समाज के मध्य प्रदेश अध्यक्ष विष्णु राने ने बताया कि सुबह 10 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में युवा प्रत्याशियों के साथ उनके अभिभावक और समाज के अन्य सदस्य भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विशेष हल्दी-कुमकुम समारोह भी आयोजित किया जाएगा। समाज के सदस्यों की सेहत का ध्यान रखते हुए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें विशेषज्ञ डॉक्टर बोन डेनसिटी टेस्ट, शुगर टेस्ट, ईसीजी और बीपी की जांच करेंगे। साथ ही मुफ्त दवाइयां भी वितरित की जाएंगी। कार्यक्रम में बेटी बचाओ अभियान और भ्रूण हत्या के खिलाफ जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक का मंचन भी होगा।

इस अवसर पर कुलदेवी का छायाचित्र और राम दरबार का वितरण किया जाएगा। साथ ही वर-वधु प्रत्याशियों के बायोडाटा की पुस्तिका का विमोचन भी होगा। संगठन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए इच्छुक लोगों को 5 मार्च 2025 तक अपना फॉर्म जमा करना होगा।

# 23-24 जनवरी को बंद रहेगा मिसरोद फाटक

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल मंडल के मिसरोद रेलवे स्टेशन के यार्ड में स्थित रेलवे फाटक (मिसरोद रेलवे क्रॉसिंग) पर ट्रैक अनुरक्षण (टीआरआर) कार्य किया जाना है। अनुरक्षण कार्य के दौरान यह फाटक 23 और 24 जनवरी को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक सड़क यातायात के लिए पूर्णतः बंद रहेगा। रेलवे ने इस दौरान वैकल्पिक मार्ग के रूप में मिसरोद गांव के अंडर ब्रिज एवं बावड़िया कलां के फ्लाईओवर का उपयोग करने की सलाह दी है।

रेलवे ने वाहन चालकों से अनुरक्षण कार्य की अवधि के दौरान उपरोक्त ऑप्शनल मार्गों का उपयोग करने का अनुरोध किया है। ट्रैक अनुरक्षण (टीआरआर) कार्य किया जाना है, जिसके चलते रेलवे ने यह निर्णय लिया है। हम यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों से अनुरोध करते हैं कि इस दौरान वह वैकल्पिक मार्ग के रूप में मिसरोद गांव के अंडर ब्रिज एवं बावड़िया




कलां के फ्लाईओवर का इस्तेमाल करें। अगर आप वैष्णो देवी, कटरा या कश्मीर में जाने का सोच रहे हैं तो यह खबर आपके लिए है। उत्तर रेलवे के जम्मूतवी स्टेशन पर री-डेवलपमेंट एवं यार्ड कनेक्शन कार्य के चलते भोपाल मंडल से गुजरने वाली 8 ट्रेनों को निरस्त करने का फैसला रेलवे ने लिया है। इसमें झेलम और मालवा एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें शामिल हैं।

# कभी गड्ढों में गिरने से पूरी नहीं कर पाए रेस

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल में 2 दिन पहले हुई ओपन स्टेट एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप में डिप्टी कलेक्टर विनोद सोनकिया ने 200 मीटर रेस में गोल्ड मेडल जीतकर सबको चौका दिया। उनकी रेस 10-20 नहीं, बल्कि करीब 200 एथेलेटिक्स से थी। इनमें हर उम्र के एथेलेक्टिस थे, लेकिन 53 साल उम्र में भी सोनकिया ने सबको मात देकर गोल्ड हासिल कर दिया। अब वे नेशनल में दौड़ेंगे। इसकी तैयारी वे टीटी नगर स्टेडियम में रोज सुबह 18 से 22 साल उम्र के एथेलेक्टिस के साथ कर रहे हैं। कभी वे बचपन में अपने गांव के खेल मैदान में गड्ढों की वजह से रेस पूरी नहीं कर पाए थे, लेकिन जब दौड़े तो मेडल्स की झड़ी लगा दी। इस बीच 17 साल का ब्रेक और फिर कमबैक की




उनकी कहानी भी दिलचस्प है। भोपाल के एसडीएम सोनकिया स्टेट एथेलेटिक्स फेडरेशन की चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर सुर्खियों में आए हैं। इसमें करीब 600 एथेलेटिक्स ने हिस्सा लिया। 200 मीटर में करीब 200 एथेटेलिक्स शामिल हुए। इसी में सोनकिया ने गोल्ड जीत लिया। अब वे 4 से 9 मार्च तक बेंगलुरू में होने वाली 45वीं नेशनल एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप में हिस्सा लेंगे।

सोनकिया बताते हैं, 1985 में नौवीं क्लास में था। तब 14 साल उम्र थी। तब स्कूल में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता हुई। जिद में ट्रैक पर उतर गया, लेकिन बिना तैयारी के। 100 मीटर दौड़ में हिस्सा लिया, लेकिन गड्?ढों की वजह से गिर गया। दूसरी ओर, आखिरी पाइंट पर पापा इंतजार कर रहे थे, पर मैं पहुंचा ही नहीं। ये बात चूभ गई और ठान लिया कि अब जमकर दौडूंगा। इसी बीच साल 1989 में कॉलेज पहुंच गया। यहां कोच की देखरेख में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में उतरा। साल 1992 में बनारस में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट हुआ था। जिसमें 200 मीटर की दौड़ 22.7 सेकेंड में पूरी कर ली। यह उस समय रिकॉर्ड बन गया।

लगातार 5 साल तक यूनिवर्सिटी चैम्पियन रहा। सोनकिया ने बताया, कॉलेज की पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी की तलाश शुरू करने लगा। इस कारण वर्ष 1995 से दौड़ना बंद कर दिया। इसी दौरान 1 साल बड़ौदा डिवीजन में स्टेशन मास्टर और इसके बाद 11 महीने तक टीकमगढ़ में डिप्टी जेलर रहा। साल 1999 में नायब तहसीलदार बना। मैदानी नौकरी होने से दौड़ना ही भूल गया, जो लगातार 2012 तक रहा। 17 साल तक दौड़ से दूर रहा।

# मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद के पुरस्कारों के लिये पुस्तकें आमंत्रित करने की अंतिम तिथि 10 फरवरी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग द्वारा उर्दू की श्रेष्ठ पुस्तकों पर 6 राष्ट्रीय और 13 प्रादेशिक पुरस्कार दिये जाने हैं। एक जनवरी से 31 दिसम्बर 2024 तक की अवधि में प्रकाशित पुस्तकें 10 फरवरी तक आमंत्रित की गई हैं। निदेशक, मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी डॉ. नुसरत मेहंदी ने बताया कि उर्दू अकादमी द्वारा अखिल भारतीय पुरस्कार और प्रादेशिक पुरस्कार दिये जायेंगे। उन्होंने अखिल भारतीय पुरस्कार में 51 हजार रूपये और प्रादेशिक पुरस्कार में राशि 31 हजार रूपये दी जायेगी।

अखिल भारतीय पुरस्कार में मीर तकी मीर पुरस्कार (उर्दू शायरी), हकीम कमरूल हसन पुरस्कार (उर्दू पत्रकारिता, शोध एवं आलोचना), हामिद सईद खाँ पुरस्कार (कहानी, लघु कथा), शादाँ इन्दौरी पुरस्कार (निबंध एवं अनुवाद), जौहर कुरैशी पुरस्कार (हास्य व्यंग्य), इब्राहीम यूसुफ पुरस्कार (नाटक, दास्तान) और प्रादेशिक पुरस्कार में सिराज मीर खाँ सहर पुरस्कार (उर्दू शायरी), बासित भोपाली पुरस्कार (कहानी लघु कथा), मोहम्मद अली ताज पुरस्कार (रखाचित्र, रिपोर्ताज़), नवाब सिद्दीक हसन खाँ पुरस्कार (उर्दू पत्रकारिता (उर्दू पत्रिका) शोध व आलोचना), शैरी भोपाली पुरस्कार (बाल साहित्य), कैफ भोपाली पुरस्कार (उर्दू शिक्षक), शम्भू दयाल सुखन पुरस्कार (अ-उर्दू भाषी लेखकों / शायरों की कृति), शिफा ग्वालियरी की एक विद्या), पन्नालाल श्रीवास्तव नूर पुरस्कार (आत्मकथा, संस्मरण), सूरज कला सहाय पुरस्कार (यात्रा क्रतांत), नवाब शाहजहाँ बेगम ताजवर पुरस्कार (निबंध एवं अनुवाद), निदा फ़ाज़ली पुरस्कार (उर्दू नज़्म, दोहा, रूबाई) शामिल हैं।

# सहयोग क्रीडा मंडल की यात्रा के बारे में युवा पीढ़ी को जानना ज़रूरी- मंत्री श्री पटेल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम विभाग मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने सोमवार को नरसिंहपुर में राष्ट्रीय ध्वज एवं खेल ध्वज फहराकर ऑल इंडिया प्रो कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। टूर्नामेंट का आयोजन सहयोग क्रीड़ा मण्डल गोटेगाँव और मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम गोटेगाँव में 20 जनवरी से 23 जनवरी तक होगा। कार्यक्रम में सहयोग क्रीड़ा मण्डल के गठन से लेकर अब तक सहयोगी के रूप में शामिल वरिष्ठजनों को शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि सहयोग क्रीडा मंडल का गठन वर्ष 1982 में हुआ। इसके बाद से यह क्रीडा मंडल लगातार प्रतियोगिताओं का आयोजन बखूबी करता आ रहा है। अब तक जिन सहयोगियों ने आयोजन में योगदान दिया वह अविस्मरणीय है। युवा पीढ़ी को सहयोग की इस परम्परा एवं सहयोगियों के योगदान को जानना होगा।



मंत्री श्री पटेल ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में मैराथन का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। मैराथन में इटारसी, मैहर, नरसिंहपुर, जबलपुर, छिन्दवाड़ा एवं भोपाल के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। चार दिवसीय आयोजन में पुरुष, महिला एवं बालक (14 वर्ष से कम) वर्ग में कबड्डी प्रतियोगिता कराई जा रही है। साथ ही चौपड़, तवा, गोला व भाला फेंक, पुरुष एवं महिला वर्ग में ऊंची और लंबी कूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

इस अवसर पर विधायक श्री महेन्द्र नागेश, पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल समेत जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

# भोपाल में मध्यप्रदेश संत पुजारी संघ ने मनाया संस्कार उत्सव

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित हिन्दी भवन में मंगलवार को मध्यप्रदेश संत पुजारी संघ ने अपने स्थापना दिवस पर संस्कार उत्सव का आयोजन किया। इस दौरान संघ के संस्थापक नरेंद्र दीक्षित ने राज्य के मुख्यमंत्री से प्रदेश को हिन्दू राज्य घोषित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में चल रही हिन्दुत्व की लहर में इसकी शुरुआत मध्यप्रदेश से होनी चाहिए, क्योंकि यहां हिन्दू आबादी सबसे अधिक है।

कार्यक्रम में संघ ने मध्यप्रदेश को हिन्दू राज्य घोषित करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति को संरक्षित और प्रचारित करने के लिए यह कदम जरूरी है। आयोजन के दौरान 16 संस्कारों पर जागरूकता फैलाने के साथ-साथ समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सेवकों



को सम्मानित भी किया गया। साथ ही, सनातन संस्कृति को अपनाने और जीवन में उसका अनुसरण करने का संकल्प लिया गया। इस दौरान कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष कपिल शर्मा, निदान वेलफेयर सोसायटी के सदस्य और अन्य संत व संघ के सदस्य मौजूद रहे।

संघ के संस्थापक नरेंद्र दीक्षित ने कहा, जब कश्मीर के मुख्यमंत्री अपने राज्य को इस्लामिक राज्य घोषित कर सकते हैं, तो मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भी हिन्दुत्व को बढ़ावा देने के लिए खुलकर आगे आना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हिन्दू राज्य घोषित करने का अर्थ अन्य धर्मों का विरोध करना नहीं है। लेकिन जब हमारे भगवान की मूर्तियां जमीन के नीचे मिलती हैं, तो हमें पीड़ा होती है। जब पाकिस्तान अपने आपको इस्लामिक राष्ट्र कहता है, अरब देश इस्लामिक संस्कृति के आधार पर पहचाने जाते हैं, तो भारत को अपनी सनातन संस्कृति के अनुसार हिन्दू राष्ट्र बनने में क्या समस्या है।

कार्यक्रम के दौरान 16 संस्कारों की महत्ता पर चर्चा की गई। इसके साथ ही सनातन धर्म के संरक्षण और समाज में एकता का संदेश देने पर जोर दिया गया। संस्थापक नरेंद्र दीक्षित ने कहा कि हिन्दुत्व केवल एक धर्म नहीं, बल्कि सबको जोड़ने वाली पद्धति है। उन्होंने कहा कि यह हमारी प्राचीन संस्कृति की पहचान है, जो विश्व को शांति और सद्भाव का संदेश देती है। कार्यक्रम के समापन पर समाज सेवा और धर्म के प्रति काम करने वाले कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया।

# स्पीड ब्रेकर पर अनियंत्रित होकर बाइक पलटी

## युवक के दोनों पैर फ्रैक्चर, सिर में गंभीर चोट, इलाज के लिए रीवा रेफर



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी जिले के पड़रिया में स्पीड ब्रेकर पर अनियंत्रित होकर एक बाइक पलट गई। जिसमें बाइक सवार युवक बुरी तरह घायल हो गया। घटना मंगलवार सुबह 11 बजे की है। दरअसल, जमाहिर साहू नाम का युवक बाजार की ओर जा रहा था। तभी स्पीड ब्रेकर के पास उसकी तेज रफ्तार बाइक पलट गई है।

हादसे में युवक के दोनों पैर फ्रैक्चर हो गए और सिर में गंभीर चोट आई। आसपास के लोगों ने तुरंत घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रीवा के विंध्य हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया।

जिला अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर संजीव रैंकवार ने बताया कि मरीज को गंभीर अवस्था में लाया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें संजय गांधी अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन परिजन बेहतर सुविधाओं के लिए उसे विंध्य हॉस्पिटल ले गए।

# पारिवारिक जमीन विवाद में महिला से मारपीट

## चार लोग दीवार फांदकर घर में घुसे, महिला-बच्चे से मारपीट कर 50 हजार रुपए छीने



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर में मंगलवार को नौगांव थाना क्षेत्र की एक महिला ने जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन देकर मारपीट की शिकायत की है। पति के साथ पहुंची महिला ने बताया कि उसके चाचा के परिवार के चार लोगों ने उसके साथ मारपीट की और उसके पैसे छीन लिए। जिसके बाद उसने नौगांव थाने में शिकायत की थी, लेकिन पुलिस ने आज तक कोई कार्रवाई नहीं की।

**चार लोगों ने की मारपीट, 50 हजार छीने:** जानकारी के अनुसार राजा बाई पति शिवदयाल कुशवाहा निवासी नौगांव थाना क्षेत्र के बंछोरा गांव की रहने वाली है। उसका मकान का चल रहा है। 17 जनवरी की सुबह राजा भाई का पति शिवदयाल खेत में काम करने के लिए गया था तभी चाचा के परिवार के चार लोग भरोसी, मंगलदीन,जालम, हीरा ने मकान की दीवाल फंद कर घर में घुसे।

उन्होंने राजा बाई और उसके बच्चे सतीश के साथ डंडे से मारपीट की और बक्से में रखे 50 हजार रुपए छिन लिए। जिसकी शिकायत राजा बाई ने नौगांव थाने में की लेकिन पुलिस ने आज तक उसका कोई कार्रवाई नहीं की इसीलिए जनसुनवाई में कलेक्टर से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

नौगांव थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि घटना का कारण मकान निर्माण को लेकर चल रहा विवाद है। इस मामले में जांच की जा रही है।

# 4 लोगों से 2300-2300 रुपए वसूले

## नसबंदी शिविर में आशा कार्यकर्ता की मिलीभगत से आरोपी ने ठगी की



**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर (निप्र)।** अनूपपुर में कोमता थानाक्षेत्र निःशुल्क नसबंदी शिविर में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। मामले में कल रात पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि आशा कार्यकर्ता की मिलीभगत से आरोपी ने चार लोगों से 2300-2300 रुपए की वसूली की थी। जिसे लेकर बीएमओ डॉ. विकास पांडेय ने थाने में शिकायत की।

दरअसल, बीते 20 जनवरी को कोतमा अस्पताल में आयोजित निःशुल्क नसबंदी शिविर में छत्तीसगढ़ निवासी अशोक कुमार साहू पर हितग्राहियों से अवैध वसूली का आरोप था। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया था। जब पुलिस ने आरोपी साहू से कड़ाई के साथ पूछताछ की, तो पता चला कि आशा कार्यकर्ता बुदियारी के कहने पर उसने धोखाधड़ी की। चार लोगों से वसूले गए कुल 9,200 रुपयों में से 2,300 रुपए आशा कार्यकर्ता को दिए और 6,900 रुपए आरोपी के पास से बरामद किए गए

कोतमा थाना प्रभारी सुंदरेश मरावी के निर्देश पर पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी छत्तीसगढ़ के खड़गवां थाना क्षेत्र के कटकोना का रहने वाला है।

# मरीज को नहीं मिली एंबुलेंस, 4 किमी तक खाट पर ले जाना पड़ा, अधिकारी बोले- जांच करेंगे




**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** सिंगरौली जिले में देवसर के चंदनिया गांव में एक मरीज को एंबुलेंस नहीं मिलने से परिजनों को खाट पर लादकर 4 किलोमीटर तक ले जाना पड़ा। इसका वीडियो मंगलवार को सामने आया है।

**ये है पूरा मामला:** जानकारी के अनुसार, सोमवार को राजलाखन कोल की अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिवार ने 108 एंबुलेंस को कॉल किया। 1 घंटे तक एंबुलेंस का इंतजार करने के बाद भी जब कोई सहायता नहीं मिली, तो मजबूरी में दो लोगों ने बांस की बल्ली के सहारे खाट पर रस्सी बांधकर मरीज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाया।

पीड़ित के बेटे सोनू कोल ने बताया कि उनके पिता को पेट दर्द समेत कई समस्याएं थीं। दर्द असहनीय होने के कारण उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाना जरूरी था। जब दैनिक भास्कर की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जांच की, तो पता चला कि मरीज को किसी निजी अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया है।

इस घटना के सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी जवाब देने से कतरा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.के. जैन ने मीडिया के सवालों से बचते हुए सिर्फ इतना कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

# प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया जिला जेल सीधी का निरीक्षण

## जेल में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी प्रयाग लाल दिनकर एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वीरेन्द्र जोशी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सोनू जैन, जिला विधिक सहायता अधिकारी सिद्धार्थ शुक्ला द्वारा जिला जेल सीधी में मंगलवार दिनांक 21 जनवरी को विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजन के साथ जिला जेल सीधी का निरीक्षण किया गया। उक्त शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयाग लाल दिनकर ने बंदियों से अधिवक्ता, जेल में भोजन की गुणवत्ता चिकित्सकीय मेल-मिलाप तथा अन्य समस्याओं के संबंध में पूछताछ की तथा बंदियों को उनके अधिकार संबंधी जानकारी दी।

जिला न्यायाधीश एवं सचिव वीरेन्द्र जोशी ने जागरूकता शिविर में बंदियों को विधिक सहायता, उनके अधिकार, अपीलीय अधिकार, जमानत के अधिकार, प्ली वार्गेनिंग तथा सालसा की योजना की जानकारी दी। शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सोनू जैन ने उपस्थित बंदियों को अपील एवं पेरोल के अधिकार तथा विधिक सहायता योजना की जानकारी दी गई। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी सिद्धार्थ शुक्ला ने बंदियों को जानकारी देते हुए कहा कि निःशुल्क विधिक सहायता तहसील एवं जिला न्यायालय के साथ उच्च न्यायालय में उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति तथा उच्चतम न्यायालय में उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति के माध्यम से उपलब्ध होती है।

उक्त शिविर में जेल अधीक्षक रविशंकर सिंह, उप जेल अधीक्षक कृष्ण कुमार तिवारी, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल ऋषभ सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी में इंटर्नशीप ले रही कु. हर्षिता सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी रूपेन्द्र कुमार मिश्रा, राजेश सिंह सहित सहित समस्त जेल स्टाफ उपस्थित रहे।

# बाइक चोर गिरोह पकड़ाया

## बाइकों में चाबी लगाकर किया चोरी का प्रयास, 2 आरोपी गिरफ्तार, 4 फरार



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित देरी तिराहे पर मंगलवार को स्थानीय लोगों की सतर्कता से बाइक चोर गिरोह पकड़ गया। लोगों ने दो चोरों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि चार अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए।

फरियादी अरविंद साहू ने बताया कि 5 जनवरी को उनकी एचएफ डीलक्स बाइक चोरी हो गई थी। जिसकी शिकायत सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई गई थी। चोरी का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था, जिसमें दो चोर बाइक में चाबी लगाकर चोरी करते हुए दिखाई दिए थे।

मंगलवार को अरविंद ने देखा कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति देरी तिराहा से बिजावर नाका तक क्षेत्र में खड़ी करीब 8 बाइकों में चाबी लगाने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने तुरंत अपने साथियों को सूचित किया और चोरों का पीछा किया। स्थानीय लोगों की मदद से दो आरोपियों को पकड़ लिया गया, जबकि चार अन्य भागने में सफल रहे।

# आपातकालीन वाहन ने चाय दुकान में मारी टक्कर

## बुजुर्ग की मौत, शराब के नशे में था ड्राइवर, परिजनों ने किया चक्काजाम



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर में मंगलवार सुबह एक सड़क हादसे में 58 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम ऊजरा में सागर-कानपुर हाईवे पर हुई। आपातकालीन सेवा वाहन के ड्राइवर ने शराब के नशे में चाय की दुकान को टक्कर मार दी। घटना में बॉर्डर चैक पोस्ट के पास झोपड़ी में चाय की दुकान चलाने वाले सीताराम कुशवाहा की मौके पर ही मौत हो गई। आपातकालीन वाहन (नंबर एमपी 16 जीए 1033) अनियंत्रित होकर झोपड़ी से टकराते हुए खाई में जा गिरा।

**नशे में था ड्राइवर:** मृतक के बेटे मुन्नालाल कुशवाहा ने बताया कि वाहन चालक नशे में था। डायल-100 को सूचना मिलने पर पुलिस ने सीताराम को गढ़ीमलहरा अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के विरोध में मृतक के परिजनों ने दोपहर में हाईवे पर चक्काजाम कर दिया।

**हिरासत में पूछताछ जारी:** गढ़ीमलहरा थाना प्रभारी सुरभि शर्मा के मुताबिक पुलिस की समझाइश के बाद जाम समाप्त हो गया। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मामले की जांच जारी है।

# गैस एजेन्सी संचालक एवं प्रबंधक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा लीना इण्डेन गैस एजेंसी के संचालक देवेन्द्र जैन तथा प्रबंधक विष्णु प्रसाद मल्लाह को द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 के विभिन्न कण्डिकाओं के उल्लंघन करने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। तीन दिवस में समाधान कारक जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। उक्त प्रकरण में जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा जांच कर प्रतिवेदित किया गया है कि गैस एजेन्सी द्वारा उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी नहीं की जाती है तथा होम डिलीवरी पर अतिरिक्त शुल्क लिया जाता है। इसके साथ ही एजेन्सी के शोरूम के सामने अवैध रूप से भण्डारित बिना विस्फोटक अनुज्ञप्ति के वाहन में लोड 39 भरे घरेलू गैस सिलेण्डर एवं एजेन्सी के सामने 33 खाली घरेलू गैस सिलेण्डरों को मय वाहन जप्त किया गया है।

# उपसंचालक कृषि ने विभागीय प्रदर्शनों का अवलोकन किया

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने जानकारी देकर बताया है कि राष्ट्रीय खाद सुरक्षा मिशन टरफा योजनान्तर्गत रबी 2024-25 में आयोजित चना किस्म जेजी.36 एवं जौ किस्म आरडी.2899 फसल के क्लस्टर प्रदर्शन कृषक राजेंद्र तिवारी ग्राम बढ़ौरा विकासखंड सीधी के यहां 20 जनवरी को उक्त दोनों प्रदर्शन का अवलोकन किया गया। उप संचालक कृषि एस. के. श्रीवास्तव, अनुविभागीय कृषि अधिकारी पी.एल. कुशवाहा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विवेक कुमार दुबे एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी प्रशांत त्रिपाठी के द्वारा फसलों का अवलोकन किया गया। किसान ने मौके पर फसल के अच्छे उत्पादन की संभावना बताई।

# चलती ट्रेन से गिरा नर्सिंग का छात्र, हाथ कंधे से अलग हुआ, इलाज के दौरान मौत, परिजनों ने हॉस्पिटल पर लगाया आरोप



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर में खजुराहो-ललितपुर पैसेंजर ट्रेन में सफर कर रहे एक नर्सिंग छात्र की सोमवार को ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। खजुराहो फार्मेसी कॉलेज में पढ़ने वाला अरविंद अपने घर टीकमगढ़ जिले के चंदेरी जा रहा था। जानकारी के मुताबिक 24 वर्षीय नर्सिंग छात्र अरविंद तिवारी पैसेंजर ट्रेन (डी 51818) से करीब 1171/5 किलोमीटर की दूरी पर ट्रेन से गिर गए थे। हादसे में उनका बायां हाथ कट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी जैसे ही स्टेशन मास्टर को मिली तो उन्होंने तुरंत घायल छात्र को जिला अस्पताल पहुंचाया।

**इलाज के दौरान मौत:** युवक की हालत नाजुक होने पर इमरजेंसी में डॉ. आशीष शुक्ला ने युवक को तत्काल ऑपरेशन कक्ष में भेजा दिया। जहां, देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मंगलवार की सुबह उसका पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है।

**परिजनों ने हॉस्पिटल पर लगाया आरोप:** मृतक के परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि इलाज में लापरवाही बरती गई, जिसकी वजह से अरविंद की जान नहीं बचाई जा सकी। मृतक के बड़े भाई राम बहादुर ने बताया कि 2 घंटे तक भाई अस्पताल में तड़पता रहा कई बार डॉक्टर को फोन कर बुलाया। भाई को ऑक्सीजन लगा था, लेकिन किसी ने नहीं सुनी। अगर समय पर ऑक्सीजन लग जाता तो भाई की जान बच जाती। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# युवा संगम में 157 आवेदकों का हुआ प्रारंभिक चयन



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, आई.टी.आई. एवं जिला रोजगार कार्यालय सीधी द्वारा दिनांक 21 जनवरी 2025 को शासकीय आई.टी.आई. मड़रिया सीधी के परिसर में एक दिवसीय युवा संगम संयुक्त रूप से रोजगार मेला, स्व-रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया गया। मेले में देश, प्रदेश एवं स्थानीय स्तर से निजी क्षेत्र की 06 कंपनियों ने भाग लिया। मेले में 319 युवक एवं युवतियों ने अपना पंजीयन कराया एवं 157 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया। स्वरोजगार से संबंधित विभाग जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सीधी, म.प्र. ग्रामीण आजीविका मिशन, आर-सेटी सीधी, जनजातीय कार्य विभाग, उद्यानिकी एवं लीड बैंक सीधी ने अपने विभागों में चलने वाली स्वरोजगार योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाकर आवेदकों को स्वरोजगार संबंधी सलाह दी।

# रीवा को बाल विवाह मुक्त बनाने का किया वादा



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण के इको सिस्टम को मजबूती देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए भारत सरकार के नीति आयोग और एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन (एवीए) ने देश के सबसे पिछड़े क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तीकरण तथा अगले एक साल में देश के 104 प्रखंडों के 15,000 गांवों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने के लिए हाथ मिलाया है। इस आशय के मंतव्य पत्र (एसओआई) पर नई दिल्ली में दस्तखत किए गए। नीति आयोग और एवीए की इस साझेदारी का स्वागत और समर्थन करते हुए अहिंसा वेलफेयर सोसायटी रीवा ने कहा कि इस कदम से उनकी कोशिशों को एक नई उर्जा और गति मिली है और वे को बाल मजदूरी, बाल विवाह, बच्चों की ट्रैफिकिंग और बाल यौन शोषण जैसे बच्चों के खिलाफ सभी तरह के अपराधों से मुक्त कराने के प्रयासों में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। एवीए और अहिंसा वेलफेयर सोसायटी रीवा दोनों ही बाल अधिकारों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए देश के 416 जिलों में काम कर रहे 250 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों के नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी हैं। दो-वर्षीय एसओआई के तहत अगले दो सालों में देश के 73 जिलों के आकांक्षी प्रखंडों के इन गांवों के आर्थिक रूप से बेहद कमजोर उन परिवारों के बच्चे जो शोषण, उत्पीड़न, बाल मजदूरी या बाल विवाह दृष्टि से संवेदनशील हैं, के लिए "सुरक्षित बाल ग्राम" के रूप में एक सुरक्षा घेरा विकसित किया जाएगा। इस पहल के साथ एकजुटता जताते हुए समग्र जन चेतना विकाश परिषद एवं अहिंसा वेलफेयर सोसायटी रीवा के निदेशक सुमित सिंह हुए कहा, "हम भारत सरकार के 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान पर अमल करते हुए अपने जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिये सतत और अनथक प्रयास कर रहे हैं।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 170 आवेदकों की समस्याएं निराकरण के दिए निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों से आए 170 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री सोमवंशी ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि जिन आवेदन पत्रों में समय सीमा निर्धारित किया जाता है उसको तत्काल विभाग प्रमुख अपने संज्ञान में लेकर निराकरण कर संबंधित हितग्राही को सूचित करे।

कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। जनसुनवाई में हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रत्येक स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए। योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाइयों की पहचान करें तथा उनका समाधान करते हुए प्रत्येक हितग्राही को पात्रतानुसार लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर सोमवंशी ने कहा कि शासन द्वारा लोगों की समस्या के त्वरित निराकरण करने की मंशा से जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। इसे पूरी गंभीरता से लें तथा प्राप्त समस्याओं का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करायें।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

# रबी उपार्जन के लिए जिला स्तरीय समिति गठित

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने आदेश जारी कर रबी विपणन वर्ष 2025-26 में गेहूँ के समर्थन मूल्य पर उपार्जन का कार्य हेतु किसानों के पंजीयन पर्यवेक्षण, हेल्प लाईन, ई-उपार्जन की मॉनीटरिंग, उपार्जित स्कंध की गुणवत्ता, खरीदी केन्द्रो का आकस्मिक निरीक्षण, खरीदी संबंधी समस्त विवादों के निराकरण एवं अन्य विषयों पर निर्णय लेने हेतु जिला स्तर पर अधिकारियों की समिति गठित की गई है। जारी आदेशानुसार जिला स्तरीय समिति में कलेक्टर जिला सीधी समिति के अध्यक्ष होंगे। इसी प्रकार जिला लीड बैंक प्रबंधक, उपायुक्त सहकारिता, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एन.आई.सी., अधीक्षण भू-अभिलेख शाखा सीधी, उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम, जिला प्रबंधक वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं मंडी सचिव कृषि उपज मंडी समिति के सदस्य होंगे तथा जिला आपूर्ति अधिकारी सीधी समिति के सदस्य सचिव होंगे।

# विचार

## दावे और हक़ीक़त

पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व काल में यू पी ए के शासन के समय देश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 क़ानून बनाया गया था जिसके तहत, 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा दिये जाने की व्यवस्था है। यह एक मौलिक अधिकार है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत, 6 से 14 साल के सभी बच्चों को यह अधिकार दिया गया है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत भी इस अधिकार को सुनिश्चित किया गया है। सवाल कि क्या यह क़ानून धरातल लागू हो भी पा रहा ? क्या देश के अधिकांश ग़रीब परिवारों को इस क़ानून की जानकारी भी पहुंचाई जाती है ? क्या देश की सरकारें स्कूल्स को वह बुनियादी ढांचा मुहैय्या करा रही हैं जिसकी उन्हें ज़रुरत है ? ख़ासकर देश के सरकारी स्कूल्स का क्या हाल है इन को लेकर सरकार की क्या नीयत है ? वर्तमान सत्ताधारी प्रायः यह कहते भी सुनाई देते हैं कि युवा नौकरी मांगने वाले नहीं बल्कि स्वयं नौकरी देने योग्य बनें। यह बात सुनने में तो कानों को भाती ज़रूर हैं परन्तु यह हक़ीक़त से कोसों दूर है। कोई भी युवा जो ख़ुद नौकरी की तलाश में है उसे पहले तो शिक्षित व आर्थिक रूप से संपन्न होना ज़रूरी है। परन्तु इस समय देश के अधिकांश उत्तर भारतीय राज्यों से स्कूल्स के संबंध में जो समाचार आते हैं उन्हें देखकर तो सरकार के शिक्षा के प्रसार के दावों पर सवाल उठना लाज़मी है। पिछले दिनों राजस्थान से एक ख़बर आई जिससे पता चला कि राजस्थान की भजनलाल सरकार द्वारा गत मात्र 10 दिनों के भीतर ही लगभग 500 सरकारी स्कूलों को बंद कर दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी द्वारा गत 16 जनवरी को ही राज्य में 260 सरकारी स्कूल बंद होने का आदेश जारी किया गया। इसी तरह लगभग 10 दिन पहले भी 190 सरकारी स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया गया था। इसी राज्य में कई स्कूल ऐसे हैं, जहां एक भी बच्चे ने एडमिशन नहीं लिया है। वहीं निजी स्कूलों में छात्र-छात्राओं की संख्या में लगातार वृद्धि होती जा रही है। दूसरी ओर सरकारी स्कूल तमाम कथित प्रयासों के बाद भी लगातार बंद होते जा रहे हैं। इसी तरह यदि मध्य प्रदेश राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी वार्षिक आंकड़ों पर नज़र डालें तो पता चलता है कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में 5500 सरकारी स्कूल ऐसे हैं, जहां पहली कक्षा में एक भी छात्र भर्ती नहीं हुआ है।

# मुफ्त की होड़ में दिल्ली के बुनियादी मुद्दे गायब?

**ललित गर्ग**

**सड़क से लेकर सीवर तक, पर्यावरण से लेकर विकास तक दिल्ली के बुनियादी मुद्दे की जगह मुत की सुविधाओं की होड़ ने दिल्ली के चुनाव को जिन त्रासद दिशाओं में धकेला है, वह न केवल दिल्ली बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिये एक चिन्ता का बड़ा सबब बन रहा है। कांग्रेस, आम आदमी पार्टी एवं भारतीय जनता पार्टी -तीनों दलों ने अपने-अपने घोषणापत्र जारी किए हैं लेकिन उसमें दिल्ली से जुड़े जरूरी एवं बुनियादी मुद्दों के स्थान पर नगद एवं मुत की सुविधाओं के ही अंबार लगे हैं। दिल्ली चुनाव में अधिकांश बहस तरह-तरह की मुत सुविधाओं की अप्रासंगिक और अवांछित विषयों पर केंद्रित है। जल्दी ही दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे देश की राजधानी के चुनाव में इससे बेहतर की उमीद थी। चूंकि जरूरी मुद्दें नहीं उठ रहे हैं इसलिए भाषा भी निनस्तरीय बनी हुई है, दोषारोपण एवं छिद्रान्वेषण ही हो रहा है।**








राजनीतिक दलों द्वारा अप्रासंगिक मुद्दों पर बात करने की एक खास वजह चुनावों की प्रक्रिया में मुफ्त की सुविधाएं एवं नगद राशि का बढ़ता आकर्षण है। भाजपा दिल्ली को विकसित एवं अत्यंत आधुनिक राजधानी बनाना चाहती है तो उसके लिए यह अवसर था कि वह अपनी भावी योजनाओं और भविष्य के खाके पर बात करती, लेकिन वह भी महिलाओं एवं मतदाताओं को आकर्षित करने के लिये बढ़-चढ़कर मुफ्त संस्कृति का सहारा ले रही है। कांग्रेस के लिए यह मौका था कि वे उन क्षेत्रों को रेखांकित करती जिनमें आप सरकार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। वे मतदाताओं के समक्ष बेहतर विकल्प भी प्रस्तुत कर सकती थी। कांग्रेस को चाहिए था कि वह शीला दीक्षित के दौर में हुए दिल्ली के विकास को चुनावी मुद्दा बनाती, दिल्ली को पेरिस बनाने की बात को बल दिया जाता, लेकिन उसका प्रचार अभियान मुफ्त की सुविधओं के इर्दगिर्द ही घूम रहा है, जो एक विडम्बना एवं त्रासदी ही है।

यह दुर्भाग्य की बात है कि दिल्ली चुनाव में ऐसा कुछ नहीं हो रहा है जो दिल्ली की बड़ी समस्याओं का समाधान करता हो। दिल्ली के मतदाताओं को मोटे तौर पर व्यक्तिगत हमले सुनने को मिल रहे हैं और ऐसे मुद्दों पर बात हो रही है जो दिल्ली को आगे ले जाने वाले एवं विकसित राजधानी बनाने वाले नहीं हैं। भारत को तेज आर्थिक विकास की आवश्यकता है, दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश की राजधानी के चुनाव को इसके लिए पूंजी, पर्यावरण और ऊर्जा की टिकाऊ वृद्धि सुनिश्चित करने पर केंद्रित रहना चाहिए। इससे जुड़ा एक मसला रोजगार तैयार करने का है। सबसे अहम मुद्दा दिल्ली का विकास एवं प्रदूषण मुक्त परिवेश का है। लेकिन सभी राजनीतिक दल इन मुद्दों से हटकर फ्री की सुविधाओं पर ही केन्द्रित है, भला दिल्ली में अच्छे दिन कैसे आयेंगे एवं विकास की तस्वीर कैसे बनेगी? कभी-कभी लगता है समय का पहिया तेजी से चल रहा है जिस प्रकार से घटनाक्रम चल रहा है, वह और भी इस आभास की पुष्टि करा देता है। पर समय की गति न तेज होती है, न रुकती है। हां चुनाव घोषित हो जाने से तथा प्रक्रिया प्रारंभ हो जाने से जो क्रियाएं-प्रतिक्रियाएं हो रही हैं उसने ही सबके दिमागों में सोच की एक तेजी ला दी है। प्रत्याशियों के चयन व मतदाताओं को रिझाने के कार्य में तेजी आ गई है, लेकिन जनता से जुड़े जरूरी मुद्दों पर एक गहरा मौन पसरा है। न गरीबी मुद्दा है, न बेरोजगारी मुद्दा है। महंगाई, बढ़ता भ्रष्टाचार, बढ़ता प्रदूषण, राजनीतिक अपराधीकरण एवं दिल्ली का विकास जैसे ज्वलंत मुद्दे नदारद हैं।

दिल्ली की मानसिकता घायल है तथा जिस विश्वास के धरातल पर उसकी सोच ठहरी हुई थी, वह भी हिली है। पुराने चेहरों पर उसका विश्वास नहीं रहा। अब प्रत्याशियों का चयन कुछ उसूलों के आधार पर होना चाहिए न कि मुफ्त की संस्कृति और जीतने की निश्चितता के आधार पर। मतदाता की मानसिकता में जो बदलाव अनुभव किया जा रहा है उसमें सूझबूझ की परिपक्वता दिखाई दे रही है लेकिन फिर भी अनपढ़ एवं गरीब मतदाता फ्री की सुविधाओं पर सोचता है और अक्सर उसी आधार पर वोट देता है। जबकि एक बड़ा मतदाता वर्ग ऐसा भी है जो उन्नत सड़के, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं को भी बेहतर देखना चाहता है। उसके लिये यमूना में बढ़ता प्रदूषण भी चिन्ता का एक कारण है। समय पर जल आपूर्ति न होना भी उसकी समस्याओं में शामिल है। चूंकि मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग योग्यता और व्यापक जनहित के मुद्दे पर नहीं करता, इसलिए वह मुफ्त की संस्कृति में डूबा है। इसलिये उसके जीवन स्तर में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं आता है, विकास तो बहुत पीछे रह जाता है।

सब दल और उनके नेता सत्ता तक येन-केन-प्रकारेण पहुंचना चाहते हैं, लेकिन जनता को लुभाने के लिये उनके पास बुनियादी मुद्दों का अकाल है। जबकि दिल्ली अनेक समस्याओं से घिरी है, लेकिन इन समस्याओं की ओर किसी भी राजनेता का ध्यान नहीं है। बेरोजगारी एक विकट समस्या है, पर क्या कारोबार और निजी उद्यमों को बढ़ाए बिना केवल सरकारी नौकरियों के सहारे दिल्ली के युवाओं को रोजगार दिया जा सकता है? क्या सरकारी नौकरियां ही रोजगार हैं? क्या आप अपने कारोबार में किसी को उसकी उत्पादकता की परवाह किए बिना नौकरी पर रखना चाहेंगे? मगर सरकारी नौकरियों में यही होता है। क्या यह आम जनता के करों के पैसे का सही उपयोग है? जनता के मतों का ही नहीं, उनकी मेहनत की कमाई पर लगे करों का भी जमकर दुरुपयोग हो रहा है। राजनेताओं द्वारा चुनाव के दौरान मुफ्त बांटने की संस्कृति ने जन-धन के दुरुपयोग का एक और रास्ता खोल दिया है।

हमारे चुनावी लोकतंत्र की सबसे बड़ी विडम्बना यही है कि बुनियादी मुद्दों की चुनावों में कोई चर्चा ही नहीं होती। मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त शिक्षा, मुफ्त चिकित्सा, महिलाओं के खातों में नगद सहायता पहुंचाने से लेकर कितनी तरह से मतदाता को लुभाने एवं लूटने के प्रयास होते हैं। न हवा शुद्ध, न पानी शुद्ध, सड़कों पर गड्ढे- इनके कारणों की कोई चर्चा नहीं। आप सरकार के दावों के बावजूद दिल्ली की शिक्षा एवं चिकित्सा की हालत जर्जर है। डिस्पेंसरियों, अस्पतालों और सफाई संस्थानों में जो धांधलियां हैं, उसके जिम्मेदार कौन है? क्या कोई उन्हें सुधारने की समयबद्ध योजना की बात करता है? आजादी का अमृत महोत्सव मना चुकी दिल्ली की इन दुर्दशाओं के कारण क्या है? क्या चुनाव में इन मुद्दों पर चर्चा होती है? क्या कोई बाबुओं और नौकरों की फौज पैदा करने वाली बेकार शिक्षा प्रणाली को सुधारने, निजी कारोबारों और रोजगार देने वाले उद्यमों के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करने की बात करता है? कभी सोचा है, क्यों नहीं? क्योंकि चुनाव राष्ट्र को सशक्त बनाने का नहीं बल्कि अपनी जेबें भरने का जरिया बन गया है।

इस बार की दिल्ली की लड़ाई कई दलों के लिए आरपार की है। अभी नहीं तो कभी नहीं। दिल्ली के सिंहासन को छूने के लिए सबके हाथों में खुजली आ रही है। उन्हें केवल चुनाव जीतने की चिन्ता है, अगली पीढ़ी की नहीं। मतदाताओं के पवित्र मत को पाने के लिए पवित्र प्रयास की सीमा लांघ रहे हैं। यह त्रासदी बुरे लोगों की चीत्कार नहीं है, भले लोगों की चुप्पी है जिसका नतीजा दिल्ली भुगत रहा है/भुगतता रहेगा, जब तब भले लोग मुखर नहीं होगे। क्योंकि पार्टियां और उम्मीदवार विकास करने, समता एवं सौहार्दमूलक समाज बनाने, नयी दिल्ली निर्मित करने और जाति, मजहब और वर्गों के आधार पर चले आ रहे विभाजन को पाटने के बजाय लोगों को एक-दूसरे के खिलाफ उकसाने, धर्म एवं जाति के आधार पर नफरत एवं द्वेष की दीवारे खिंचने, असुरक्षा की भावना पैदा करने और अपना राजनीतिक भविष्य सुनिश्चित करने की जुगत में रहते हैं। इन जटिल एवं ज्वलंत हालातों में किस तरह लोकतंत्र मजबूत होगा? चुनाव आयोग के निर्देश, आदेश व व्यवस्थाएं प्रशंसनीय हैं, पर पर्याप्त नहीं हैं। इसमें मतदाता की जागरूकता, संकल्प और विवेक ही प्रभावी भूमिका अदा करेंगे।

# बीते जमाने की बात होती सोशियोट्रॉपी

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

सामाजिक ताने बाने में बदलाव को इस तरह से आसानी से समझा जा सकता है कि सोशियोट्रॉपी आज बीते जमाने की बात होती जा रही है। कोरोना के बाद तो हालात में और भी अधिक बदलाव आया है। आज की पीढ़ी में सामाजिकता का स्थान वैयक्तिकता लेती जा रही है। एक समय था जब सामाजिकता को वैयक्तिकता के स्थान पर अधिक तरजीह दी जाती थी। परिवार, मौहल्लों और आसपास कोई ना कोई ऐसे अवष्य मिल जाते थे जो जगत मामा तो कोई जगत काका तो कोई जगत दादा होते थे। छोटा हो या बड़ा, दादी हो या पोती, सास हो या बहू सब उन्हें प्रसिद्ध नाम से ही पुकारते थे। यह था एक तरह का अपनत्व। इस तरह के व्यक्तित्व वाले व्यक्ति सभी के चहेते होते थे तो जान-पहचान हो या ना हो, वे जरुरत के समय पहुंच जाते थे। सुख दुख खासतौर से मुसिबत के समय ऐसे व्यक्ति आगे रहते थे। हांलाकि आज इस तरह के व्यक्तित्व को ढूंढना लगभग असंभव सा ही है।

दरअसल हमारी परंपरा व्यस्टी का ना होकर समस्टी की रही है। बच्चों को पहले सामाजिकता का पाठ पढ़ाया जाता था। बच्चे मौहल्ले के सभी घरों को अपना ही घर मानकर चलते थे तो मौहल्ले में रहने वाले किसी का भी बच्चा हो उसे अपने बच्चे जितना ही प्यार और दुलार देते थे। दुख दर्द में पूरा मौहल्ला साथ हो जाता था। मौहल्ले में किसी घर में मौत हो जाती थी तो पड़ोसी उस परिवार को संभालने और देखभाल की जिम्मेदारी स्वयं अपने हाथ में ले लेते थे। शादी-विवाह में काम बंट जाता था, आज तो केटरिंग का जमाना आ गया नहीं तो सैकड़ों लोगों को परिवार और मौहल्ले के युवा ही भोजन कराने की जिम्मेदारी निभा लेते थे। हलवाई के काम शुरु करते ही मौहल्ले के लोग बारी बारी से देखरेख व सहयोग के लिए तैयार रहते थे। आज यह सब बदल गया है। गगन चुंबी इमारतों में कई परिवार रहते हैं और हालात यहां तक हो गए हैं कि एक ही कॉम्पलेक्स या अपार्टमेंट में रहने वाले एक दूसरे को पहचानते ही नहीं। ऐसे में आपसी सहयोग और मेल मिलाप की बात करना बेमानी होगा।

सोशियोट्रॉपी मनोविज्ञान में प्रयोग होता है। हांलाकि इसे सकारात्मक और नकारात्मक दोनों ही अर्थों में लिया जाता है। दूसरों को खुश रखने की खुशी में अपने खुशी को भूल जाना वाली मनोस्थिति को भी सोशियोट्रापी के रुप में देखा जाता है। यही कारण है कि इस एकांगिग अर्थ को लेने के चक्कर में सोशियोट्रोपी मानसिकता वाले लोगों के अवसादग्रस्त, तनाव पीड़ित और हमेशा चिंतित रहने की मनोदशा को साइड इफेक्ट के रुप में देखा जाता है। जबकि सोशियोट्रापी यहीं तक सीमित नहीं है। दूसरे के दुखदर्द में भागीदार होना, आवश्यकता के समय निस्वार्थ सहयोग व सहायता करना, दूसरे की परेशानी को समझना और उसे दूर करने में यथासंभव सहयोग करना यह सोशियोट्रापी का ही एक रुप है। हमारी परंपरा में जो व्यक्ति केवल अपने आप के बारे में सोचता है उसे एकलखोर या स्वार्थी कहा जाता रहा है। हमारी परंपरा वसुधेव कुटुम्बकम की रही है। हमारी परंपरा में दूसरे की उन्नती देखकर प्रसन्न होने की भावना रही है। खुशी के मोके पर मिठाई बांटना खुशी में सभी को भागीदार बनाना है। इसी तरह से जरुरत के समय खड़े हो जाना जरुरतमंद के लिए संबल होता है।



देखा जाए तो बदलते सामाजिक ताना-बाना से सब कुछ बदल कर रख दिया है। एकल परिवार की संस्कृति समाज में अपना प्रभुत्व जमा चुकी है। परिवार पति-पत्नी और बच्चों तक सीमित होता जा रहा है। जो भावनात्मकता संबंधों को तरोताजा रखती थी वह भावनात्मकता कहीं खो गई है। अवकाश के दिनों का उपयोग दादा-दादी या नाना-नानी के पास गुजारने के स्थान पर कहीं घूमने घामने में जाया होने लगा है। एक समय था जब गांव से यात्रा पर भी जाते थे तो गांव के कई परिवार के लोग उस भ्रमण दल में होते थे। हालात तो यहां तक होने लगे हैं कि घर के बुजुर्ग सदस्य को जिसे साथ की अधिक आवश्यकता है घर की देखभाल के लिए छोड़ना आज आम होता जा रहा है। खुशी के पल को साझा करने का तरीका भी बदल गया है। जिस तरह की प्राथमिकताएं बदली है वह पीपल प्लीजर के स्थान पर सेल्फ प्लेजर होती जा रही है। दरअसल सामाजिकता के जो मायने एक समय होते थे उसमें कोई क्या कहेगा महत्वपूर्ण होता था, सामाजिक प्रतिक्रिया का बड़ा भय होता था, आज हालात यह है कि मां-बाप क्या कहेंगे इसकी भी परवाह नहीं रही है। दरअसल न्यूक्लियर फैमेली के यह साइड इफेक्ट है जो लोगों को सोशियोट्रापी से दूर ले जाते हैं। हांलाकि पाश्चात्य देशों द्वारा अब इसकी अहमियत सामने आने लगी है। ब्रिटेन में पिछले दिनों एक अध्ययन में सामने आया है कि अब बच्चों का जब भी मौका मिलता है परिवार यानी कि दादा-दादी या नाना-नानी का साथ जरुरी माना जाने लगा है। क्योंकि सामाजिक ताना-बाना में बिखराव के कारण ही आज की पीढ़ी ही रिश्तों की अहमियत को भूलती जा रही है। दादा-दादी या नाना-नानी में से एक तो पराया होता जा रहा है। जब खास रिश्तों के ही यह हालात होते जा रहे हैं, परिवार के मायने ही बदलते जा रहे हैं तो फिर अडौस पडौस, मौहल्ले या शहर गांव के रिश्तों की बात करना ही बेमानी होगा।

इतना अवश्य है कि आज की पीढ़ी के सामाजिकता से दूर होने के नकारात्मक प्रभाव समाज के सामने आने लगे हैं। पाश्चात्य देश अब रिश्तों की अहमियत को समझने की दिशा में आगे बढ़ने लगे हैं वही हम रिश्तों की अहमियत और सामाजिकता को खोते जा रहे हैं। यह अपने आप में गंभीर चिंता का विषय है। समाज और समाज विज्ञानियों व मनो विज्ञानियों को हालात की गंभीरता को समझते हुए समय रहते हालात को सुधारने के प्रयास करने होंगे।

# आचार संहिता लगते ही एक्शन मोड में प्रशासन

## हटाए गए भाजपा-कांग्रेस के बैनर पोस्टर, लाइसेंसी शस्त्र थानों में होंगे जमा, जुलूस-प्रदर्शन पर बैन






**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** बिलासपुर में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने के बाद जिला प्रशासन का अमला एक्शन मोड में आ गया है। शहर के चौक-चौराहों और सार्वजनिक जगहों पर लगे भाजपा-कांग्रेस नेताओं के बैनर-पोस्टर और होर्डिंग्स को निकालने काम शुरू हो गया है।

नगर निगम ने 4 ट्राली राजनीतिक बैनर-पोस्टर जब्त किया है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। बता दें कि, बिलासपुर में 22 जनवरी से नगरीय निकाय और 27 जनवरी से पंचायतों के लिए नामांकन फार्म जमा होंगे।

**कलेक्टर ने बुलाई आपात बैठक:** चुनाव आयोग की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के तत्काल बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने अधिकारियों की आपात बैठक बुलाई। इस दौरान उन्होंने आदर्श आचरण संहिता की जानकारी देकर उन्हें सख्ती से पालन करने और करवाने के निर्देश दिए। आचरण संहिता के दौरान क्या करना है, क्या नहीं करना है, इसके बारे में अफसरों को विस्तार से बताया गया। बैठक में एसपी रजनेश सिंह, निगम आयुक्त अमित कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव कुमार बनर्जी सहित पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**कलेक्टर बोले- रोज होगी रिपोर्टिंग:** कलेक्टर ने बताया कि, नगरीय निकाय चुनाव 11 फरवरी को और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 3 चरणों में 17, 20 और 23 फरवरी 2025 को होगा। पहले चरण में 17 को मस्तूरी, 20 को बिल्हा और 23 को कोटा और तखतपुर में मतदान होगा। 22 जनवरी से नगरीय निकाय और 27 जनवरी से पंचायतों के लिए नामांकन जमा होंगे। कलेक्टर ने संपत्ति विरूपण अधिनियम के अंतर्गत बैनर, पोस्टर हटाने के निर्देश दे दिए हैं। एजेंसियों द्वारा प्रतिदिन इसकी रिपोर्टिंग की जाएगी।

**सरकारी कर्मचारियों की छुट्टी पर बैन:** उन्होंने स्पष्ट किया कि, अब कोई भी शासकीय कर्मचारी अवकाश पर नहीं जाएगा। अवकाश प्रतिबंधित कर दिए गए हैं। विशेष परिस्थिति में जिला निर्वाचन कार्यालय की अनुमति से ही अवकाश दी जा सकेगी। कोई भी अधिकारी कर्मचारी राजनीतिक व्यक्तियों के साथ संलग्नता या उनका प्रचार-प्रसार नहीं करेगा। सभी अधिकारी अपनी विभागीय शासकीय वाहन दुरुस्त कर लें।

**नए काम की स्वीकृति नहीं, टेंडर भी नहीं होगा:** कलेक्टर ने बताया कि, शासकीय कामों की प्रशासनिक स्वीकृति जारी नहीं की जाएगी। नए निविदा जारी नहीं किए जाएंगे और न ही फाइनल किए जाएंगे। लेकिन, जो काम शुरू हो चुके हैं, वे चलते रहेंगे। उन्होंने हटाए जाने वाले प्रचार-प्रसार की जानकारी देकर समय-सीमा में अनिवार्य रूप से प्रचार सामग्री को हटाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अभियान चलाकर मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर सारी मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा कि अधिकारी चुनाव संबंधी हर स्तर के काम में निष्पक्ष रहें। उनकी निष्पक्षता सबको दिखनी भी चाहिए। अधिकारी चुनाव के अनुरूप अपनी मानसिकता बना लें। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को बाधित करने वाले सभी तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। कलेक्टर ने प्रशिक्षण से लेकर निर्वाचन की तमाम प्रक्रिया का सुचारू रूप से पालन करने के निर्देश दिए।

**एक्शन मोड में आया निगम प्रशासन:** इस बैठक के बाद कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर शहर के चौक-चौराहों व सार्वजनिक जगहों पर लगे राजनीतिक बैनर पोस्टर हटाने का काम शुरू हो गया है। निगम अमले के साथ पुलिस की टीम भी राजनीतिक दलों से जुड़े फ्लैक्स और बोर्ड हटाने निकला। साथ ही सड़कों पर लगे साइन बोर्ड पर नेताओं की तस्वीरों को स्टिकर से ढंक दिया गया है।

वहीं, पुलिस प्रशासन ने पेट्रोलिंग बढ़ाकर सघन जांच शुरू करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार देर शाम तक नगर निगम अतिक्रमण निवारण दस्ते ने चार ट्रॉली बैनर-पोस्टर जब्त किया है। कलेक्टोरेट, लिंक रोड, सीपत रोड, राजेंद्र नगर चौक, मंगला चौक, मुंगेली नाका, सीपत रोड समेत कई जगहों पर बैनर-पोस्टर हटाने का काम किया गया। अतिक्रमण शाखा प्रभारी प्रमिल शर्मा का कहना है कि आगे भी कार्रवाई चलती रहेगी।

**चुनाव के चलते शस्त्र लाइसेंस होंगे निरस्त:** एसपी रजनेश सिंह ने कहा कि, आचार संहिता के दौरान सभी शस्त्र लाइसेंस को निरस्त कर दिया गया है। लाइसेंस धारक एक सप्ताह के अंदर संबंधित थाने में शस्त्र जमा करेंगे। जिले में रहने वाले और बाहर के जिले से आए लाइसेंसी हथियारों पर भी यह लागू रहेगा। आचार संहिता समाप्त होने के बाद सभी को शस्त्र वापस कर दिया जाएगा।

**गुंडे-बदमाशों पर सख्ती से होगी कार्रवाई:** एसपी रजनेश सिंह ने कहा कि, नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए हरसंभव उपाय किए जाएंगे। पुलिस और प्रशासन आपसी तालमेल के साथ सामूहिक नेतृत्व भावना के साथ काम करेगी।

आपराधिक तत्वों के साथ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई में तेजी लाई जाएगी। चुनाव संबंधी पुराने अपराधों की भी एक बार खंगाल लें। अवैध नगदी, मदिरा एवं अन्य सामग्रियों के वितरण पर रोक लगाने टीमें भी तैनात रहेंगी। वे अपना कार्य पूरी सतर्कता से करें। संवैधानिक पदों पर व्यक्तियों के सुरक्षा गार्ड, बैंक सुरक्षा, एटीएम में लगे सुरक्षा गार्ड, राष्ट्रीय राइफल संघ और जिले के औद्योगिक संस्थानों, शैक्षणिक संस्थानों और महत्वपूर्ण शासकीय संस्थानों के सुरक्षा में तैनात सुरक्षा गार्ड के शस्त्र लाइसेंस निरस्त नहीं किए जाएंगे। बैंक, एटीएम और संस्थान की सुरक्षा में तैनात गार्ड को शस्त्र जमा करने से छूट रहेगी।

### थैले में मिला युवती का कटा सिर, कलाई और पंजा

## नदी में नहा रहे बच्चों ने देखा थैला, अंदर टॉप और इनर-वियर भी



**मीडिया ऑडीटर, कोरबा (एजेंसी)।** कोरबा जिले के हसदेव नदी में एक थैले में युवती के शव के टुकड़े मिले हैं। ये थैला मछली पकड़ने पहुंचे बच्चों को मिला। इसमें लंबे बालों के साथ युवती का कटा हुआ सिर, एक कलाई का हिस्सा और एक पंजा था। पुलिस ने इसे जब्त कर लिया है। मामला सीएसईबी पुलिस चौकी इलाके का है। सोमवार को कुछ बच्चे पुराने फिल्टर हाउस के पास पहुंचे थे। यहीं उन्हें प्लास्टिक का थैला मिला। सिर और शरीर के अंगों को काले-मरून रंग के कपड़े से लपेटा गया था। थैले में एक इनर वियर के साथ गुलाबी रंग का टॉप भी मिला है।

**डेढ़ से दो महीने पुरानी घटना:** ये थैला नदी में तैरते हुए बच्चों के पास पहुंचा था। शुरुआत में बच्चों को प्लास्टिक का थैला नारियल या कुछ और सामान से भरा लगा। थोड़ा ही खोलने पर उसमें से बदबू आने लगी। जिससे बच्चों को शक हुआ इसी बीच कुछ और लोग भी वहां पहुंच गए। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद आशंका जताई है कि यह घटना लगभग डेढ़ से दो महीने पुरानी हो सकती है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम और फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने मौके का जायजा लिया।

**शव की पहचान के लिए कराई जा रही मुनादी:** शरीर के अंग काफी गले हुए हालत में हैं। ऐसे में शव की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्रों में मुनादी कराई जा रही है। पुलिस ने कोरिया, महेंद्रगढ़, चिरमिरी, भरतपुर और कोरबा के निवासियों से अपील की है कि जिनकी महिला परिजन पिछले चार महीनों से लापता है, वे सीएसईबी पुलिस चौकी से संपर्क करें।

**कपड़ों के आधार पर जांच कर रही पुलिस:** पुलिस ने केस दर्ज कर पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मृतका की पहचान के लिए मिले कपड़ों के आधार पर भी जांच कर रही है। थैले में मिली युवती का कटा हुआ सिर और अंगों को देखकर यह साफ है कि युवती की बड़ी बेरहमी से युवती की हत्या की गई है।

### ग्राम सरोला में भूमि विवाद को लेकर दावा आपत्ति की अंतिम तिथि 28 को

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** ग्राम-सरला, तहसील मनेन्द्रगढ़ की जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका तोषिबा राय पिता/पति आशीष निवासी ग्राम सरोला, तहसील मनेन्द्रगढ़ जिला एमसीबी द्वारा ग्राम सरोला प.ह.न. 06 में स्थित भूमि खसरा नंबर 113/6, रकबा 0.0440 हे0 भूमि पंजीकृत दान-पत्र के माध्यम से 4 अक्टूबर 2019 को प्राप्त की थी। आवेदिका को खसरा नं 113/3 में से पंजीकृत दान पत्र के माध्यम से प्राप्त भूमि बंटाकन पक्षात खसरा नं 113/6 हैं। हल्का पटवारी के द्वारा नामांतरण के पश्चात् खसरा एवं बी-वन में आवेदिका का नाम दर्ज करने के पश्चात भूमि खसरा नं 113/6 का भू-नक्शा तरमीम नहीं किया गया है। जिस कारण से उक्त भूमि खसरा नं. 113/3 में समाहित दिख रहा है तथा उक्त भूमि का नक्शा वर्तमान में राजस्व दस्तावेजों में मौके से भिन्न दर्ज हो गया है।

# नाबालिग से गैंगरेप, पिता-बेटी और नातिन को मार डाला

## 5 हत्यारे-बलात्कारियों को फांसी, एक को उम्र कैद, 4 साल बाद कोर्ट ने सुनाई सजा



**मीडिया ऑडीटर, कोरबा (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में 4 साल पहले 16 साल की पहाड़ी कोरवा नाबालिग लड़की से गैंगरेप के बाद उसकी हत्या कर दी गई। साथ ही पिता और 4 साल की बच्ची को भी मार डाला। कोर्ट ने 5 हत्यारों और बलात्कारियों को फांसी और एक को उम्रकैद की सजा सुनाई है। मामला लेमरू थाना इलाके का है। हत्यारों में सतरेंगा गांव निवासी दोषी संतराम मंझवार (45), अनिल कुमार सारथी (20), आनंद दास (26), परदेशी दास (35) और जब्बार उर्फ विक्की (21) शामिल हैं। वहीं एक आरोपी उमाशंकर यादव (22) को आजीवन कारावास की सजा मिली है। यह हत्या में शामिल था, रेप नहीं किया था।

**जानिए क्या है पूरा मामला:** 29 जनवरी 2021 को गढ़-उपोड़ा के कोराई जंगल में एक परिवार के 3 लोगों की हत्या कर दी गई थी। मृतकों में देवपहरी गांव के धरमू उर्फ झकड़ी राम (45), उनकी बेटी (16) और नातिन सतमति (4) शामिल थे। 30 जनवरी को जंगल में तीनों का शव मिला था।

**संतराम के यहां मवेशी चराता था धरमू:** धरमू का परिवार हत्यारे संतराम मंझवार के यहां रहकर उसके मवेशियों को चराने का काम करता था। इसके एवज में 8000 रुपए सालाना और हर महीने 10 किलो चावल देने की बात कही थी, लेकिन संतराम मंझवार मात्र 600 रुपए और 10 किलो चावल दिया था, इसलिए 29 जनवरी 2021 को पैसों का हिसाब-किताब किया।

**दुष्कर्म करने रची साजिश:** उसके बाद परिवार घर जाने के लिए सतरेंगा के बस स्टैंड चले गया। इसी बीच हत्यारा संतराम मंझवार अपने साथियों के साथ आया। सभी को बाइक से घर छोड़ने की बात कही। पत्नी को एक बाइक से आगे भेज दिया। उसके पति, नाबालिग बेटी और नातिन को रोक लिया।

इसके बाद संतराम मंझवार ने धरमू को रास्ते में रोककर शराब पिलाई। फिर साजिश के तहत उसके नाबालिग बेटी से बारी-बारी से सभी ने रेप किया। वारदात के बाद डंडा और पत्थर से हमला कर दिया। उसे मरा समझकर फेंक दिए। इसके बाद उसके पिता और नातिन को भी पत्थर से हमलाकर मार डाला।

**आरोपी की निशानदेही पर मिले थे शव:** इसके बाद जब तीनों घर नहीं पहुंचे, तब परिजनों ने संतराम से पूछा। उसने कहा कि वह उन्हें गांव के पास छोड़कर आ गया था। 4 दिन बाद परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने संतराम को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसके बाद मामले का खुलासा हुआ। सभी शव बरामद किए गए।

**जज बोली- समाज की सामूहिक चेतना को आघात पहुंचा:** जिला एवं अपर सत्र न्यायालय (पॉक्सो) के विशेष न्यायाधीश डॉ. ममता भोजवानी ने फैसला सुनाते हुए कहा कि, मानवीय और निर्दयता पूर्वक किया गया कृत्य वीभत्स, पाशविक और कायरतापूर्ण है। वासना को पूरा करने के लिए निर्दोष और कमजोर लोगों की हत्या की गई, जिससे पूरे समाज की सामूहिक चेतना को आघात पहुंचा है।

## युवती की स्कूटी से निकला गांजा

### युवक के साथ रेलवे स्टेशन से सप्लाई करने निकली थी, सरगना की तलाश जारी




**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** बिलासपुर में गांजा सप्लाई करने आई युवती और युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों रेलवे स्टेशन से गांजा लाकर सरकंडा क्षेत्र में खपाने निकले थे। इसी दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। दोनों के पास से 2 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इस मामले के सरगना की तलाश की जा रही है।

सरकंडा थाना प्रभारी निलेश पांडेय ने बताया कि क्षेत्र में गांजा सप्लाई करने की लगातार जानकारी मिल रही थी। एसपी रजनेश सिंह को इसकी जानकारी देकर उन्होंने जवानों को मुखबिर लगाकर कार्रवाई करने कहा। इसी बीच स्टाफ को खबर मिली कि युवक और युवती स्कूटी में गांजा सप्लाई करने निकले हैं। जिसके बाद टीम के सदस्य उनकी घेराबंदी करने में जुट गए।

**तलाशी लेने पर स्कूटी की डिक्की से निकला गांजा:** पुलिस जवानों ने लिंगियाडिह नर्सरी के पास घेराबंदी की। तब दयालबंद की ओर से युवक-युवती स्कूटी में सवार होकर सरकंडा तरफ आ रहे थे। उन्हें रोक कर पूछताछ की गई। तब वो गोलमोल जवाब देने लगे। जिसके बाद स्कूटी की डिक्की की तलाशी ली, जिसमें 2 किलो 600 ग्राम गांजा निकला।

पुलिस उन्हें पकड़कर थाने ले गई। पूछताछ में पता चला कि चंद्रप्रभा सिदार (21) सक्ती जिले के बाराद्वार में रहने वाली है। वहीं अनिश गुप्ता निवासी टिकरापारा मन्नू चौक में रहता है। उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

**सप्लाई करने भेजा था कोटा का युवक, तलाश में जुटी पुलिस:** पुलिस की पूछताछ में पहले युवती और युवक गोलमोल जवाब दे रहे थे। सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि कोटा क्षेत्र के गनियारी निवासी विनोद कुमार ने उन्हें गांजा बेचने के लिए दिया था। वह गांजा कहां से लाया था, इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। विनोद का नाम आने के बाद पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। फिलहाल, वह फरार है। पुलिस उसके ठिकानों की जानकारी जुटाकर दबिश दे रही है।

# तेज ट्रक ने ली युवक की जान, ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर, बैन के बाद भी दौड़ रहे भारी वाहन




**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** बिलासपुर में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक की जान ले ली। दरअसल, बाइक सवार दो लोगों को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे एक युवक की मौत हो गई। वहीं, दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र की है। बता दें कि जिला प्रशासन ने शहर में भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगाया है, जिसके बाद भी बेधड़क भारी वाहनों की आवाजाही चल रही है।

सीपत क्षेत्र के ग्राम कुकदा निवासी छहुरा यादव (42) पेशे से किसान थे। सोमवार को वे गांव के युवक के साथ बाइक पर किसी काम से बिलासपुर आ रहे थे। अभी उनकी बाइक सरकंडा के वसंत विहार चौक के पास पहुंची थी। उसी समय पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

**टक्कर की टक्कर से उछलकर गिरा युवक, सिर में आई गंभीर चोंट:** ट्रक की टक्कर से बाइक सवार छहुरा यादव उछलकर जमीन पर गिर गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोंटे आई। वहीं, दूसरा युवक छिटककर दूर जा गिरा, जिससे उसे भी गंभीर चोट लगी है। हादसे के बाद लोगों की भीड़ जुट गई। उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद युवकों अस्पताल ले जाया गया, जहां छहुरा यादव की मौत हो गई।

**ट्रक छोड़कर भागा चालक, तलाश में जुटी पुलिस:** इस हादसे के बाद लोगों की भीड़ जुट गई। भीड़ का फायदा उठाकर आरोपी चालक ट्रक को छोड़कर भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। वहीं, आरोपी चालक की तलाश कर रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

**कार की टक्कर से स्कूटी सवार घायल:** इधर, सिविल लाइन क्षेत्र के ईदगाह चौक के पास सोमवार की रात तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार युवक को टक्कर मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि तालापारा निवासी मोनू खान किसी काम से सोमवार की रात सिम्स की ओर जा रहा था।

उसी समय तेज रफ्तार कार के चालक ने उसकी स्कूटी को ठोकर मार दी, जिससे मोनू को गंभीर रुप से घायल हो गया। लोगों ने कार चला रहे राहुल कछवाहा को पकड़कर सिविल लाइन पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भूमि अधिग्रहण एवं भूमि विवाद संबंधी दावा आपत्ति के लिए अंतिम तिथि 06 को

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील नागपुर 03 जनवरी 2025 आवेदक भगवानदास पिता मेहीलाल, रामप्रताप पिता मेहीलाल निवासी ग्राम सरोला जिला एमसीबी द्वारा जारी पत्र क्र./फ/अति.तह./वाचक/2025 में बताया गया है कि ग्राम सरोला, उप तहसील नागपुर, जिला एमसीबी स्थित भूमि खसरा नंबर 108/2, रकबा 3.4070 हेक्टर, नागपुर चिरमिरी रोड हाल्ट 17 कि.मी. रेल परियोजना के विस्तार हेतु भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है। इस भूमि के अधिग्रहण के संदर्भ में हल्का पटवारी नं.-06 द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया है कि ग्राम सरोला के 4 खसरों में जिनके वर्तमान और मिसल वर्ष 1944-45 के रकबे में भिन्नता पाई गई है। इसके आधार पर रकबे में सुधार किया जाना है। इस संदर्भ में, यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त भूमि के संबंध में दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है, तो उसे 06 फरवरी 2025 तक प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त किसी भी प्रकार की आपत्ति या दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही मनेन्द्रगढ़ की एक और न्यायालय कलेक्टर एवं दण्डाधिकारी, जिला एमसीबी छत्तीसगढ़ के पत्र क्रमांक 240/वाचक/कले./2025, 10 जनवरी 2025 के अनुसार, अनावेदक लक्ष्मीप्रसाद विश्वकर्मा पिता शिवप्रसाद विश्वकर्मा निवासी मनेन्द्रगढ़, तहसील मनेन्द्रगढ़, जिला एमसीबी द्वारा ग्राम मनेन्द्रगढ़ स्थित पटवारी हल्का नंबर 14 के अंतर्गत भूमि खसरा नंबर 379/36 रकबा 0.0420 हेक्टेयर पर भूमि विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

जिले में आदर्श आचार संहिता लागू होते ही नगरीय और पंचायत चुनाव की प्रक्रिया शुरू

जिले में त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव की तारीखों और नियमों का विस्तृत निर्देश जारी

जिले में 106035 नगरीय और 177771 ग्रामीण मतदाता करेंगे मतदान

शांतिपूर्ण और व्यवस्थित चुनाव के लिए आयोग ने कसी कमर, लाइसेंसी हथियार जमा करना अनिवार्य

एमसीबी/ 21 जनवरी 2025/ छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय और त्रि-स्तरीय ग्राम पंचायत चुनाव की घोषणा कर दी है। 20 जनवरी 2025 से राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। इसके तहत शासन ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और राजनैतिक दलों को पालन करने के निर्देश जारी किए हैं। एमसीबी जिले में आगामी चुनाव के अंतर्गत छः नगरीय निकायों और पंचायत क्षेत्रों में जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच और पंचों का चुनाव होगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने निष्पक्ष और व्यवस्थित चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रारंभिक तैयारियां पूरी कर ली हैं। इन क्षेत्रों में निगरानी समितियों का गठन कर निर्वाचन प्रक्रिया पर सतर्कता बढ़ाई गई है। निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए धारा 163 बीएनएसएस लागू की गई है। लोक संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत सख्ती बरतते हुए निर्वाचन क्षेत्र में लाइसेंसी हथियारों पर प्रतिबंध लगाया गया है। सभी लाइसेंसधारियों को अपने हथियार स्थानीय थानों में जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन तीनों चरणों का कार्यक्रम की विवरण निम्नानुसार है। अधिसूचना का प्रकाशन एवं नामांकन प्रारंभ तीनों चरणों का 27 जनवरी 2025 को और नगरीय निकाय की 22 जनवरी 2025 को होगा। वहीं तीनों चरणों का नामांकन की अंतिम तिथि 3 फरवरी 2025 को और नगरीय निकाय की 28 जनवरी 2025 को होगा। इसके साथ ही तीनों चरण की नामांकन संवीक्षा 4 फरवरी 2025 को और नगरीय निकाय की 29 जनवरी 2025 को होगा। तीनों चरणों की नाम वापसी की तिथि 6 फरवरी 2025 को और नगरीय निकाय की 31 जनवरी 2025 को है। इसके साथ ही प्रथम चरण की मतदान और मतगणना 17 फरवरी को होगा एवं द्वितीय चरण की मतदान और मतगणना 20 फरवरी को और तृतीय

# 1 करोड़ कैश के साथ पकड़ाया ट्रैक्टर शोरूम का मालिक

## आचार संहिता के बीच कार से बरामद, दुर्ग पुलिस के बाद आईटी कर रही पूछताछ



**मीडिया ऑडीटर, दुर्ग (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में आचार संहिता लगते ही पुलिस अलर्ट मोड पर है। इसी बीच दुर्ग पुलिस ने ट्रैक्टर शोरूम संचालक की कार से 1 करोड़ रुपए कैश जब्त किया है। दस्तावेज नहीं दिखा पाने पर कैश को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के हवाले कर दिया गया है। घटना अंजोरा चौकी क्षेत्र की है।

मिली जानकारी के मुताबिक, सोमवार शाम से लगातार पुलिस गाड़ियों की चेकिंग कर रही है। इसी दौरान राजनांदगांव से दुर्ग जिले में आने वाली सभी गाड़ियों की तलाशी की जा रही थी, तभी रात 8 बजे एक संदिग्ध कार दिखी, जिसकी तलाशी ली गई।

**राजनांदगांव से आ रहा था शोरूम संचालक:** इस कार को स्वराज ट्रैक्टर शोरूम के संचालक चंद्रेश राठौर चला रहे थे। पुलिस ने जब कार की तलाशी ली, तो डिक्की से कैश मिला। पुलिस ने चंद्रेश राठौर से बड़ी संख्या में कैश को लेकर दस्तावेज मांगे, तो वो नहीं दे सके। कैश लेकर कहां जा रहो हो पूछने पर भी नहीं बता सके।

इसके बाद पुलिस ने तत्काल इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को सूचना दी। इनकम टैक्स के अफसरों ने कार और कैश को जब्त कर लिया है।

**इनकम टैक्स को सौंपा गया कैश:** एडिशनल एसपी अभिषेक झा ने बताया कि दस्तावेज नहीं मिलने पर हमारी टीम ने कैश को इनकम टैक्स को सौंप दिया है।

अब इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टीम आरोपी से पूछताछ करेगी। कहां से पैसा आया, कहां ले जा रहा था। कैश वैध है या अवैध है। जांच की जा रही है।

## कोलकाता रेप-मर्डर, उम्रकैद सुनाने वाले जज बोले- पुलिस लापरवाह थी

**सियालदह ( एजेंसी )।** सियालदह कोर्ट ने 18 जनवरी को संजय को दोषी ठहराया था। घटना के 164वें दिन यानी 20 जनवरी को सजा पर 172 पेज का फैसला सुनाया। कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर मामले में दोषी संजय रॉय को उम्रकैद देने वाले जस्टिस अनिर्बान दास ने पुलिस और हॉस्पिटल के लिए सख्त कमेंट किए। जस्टिस दास ने कहा कि इस केस में पुलिस लापरवाह थी। उन्होंने सोमवार (20 जनवरी) को सजा सुनाने के दौरान ये भी कहा कि इस केस में ताला पुलिस स्टेशन के एसआई का बयान चौंकाने वाला है। वह दिखाता है कि पुलिस अफसरों ने इस केस में किस तरह लापरवाही बरती। उम्रकैद के फैसले पर उन्होंने कहा- ज्यूडिशियरी का काम सबूतों के आधार पर न्याय देना है, जनता की भावनाओं के आधार पर नहीं। हमें आंख के बदले आंख और जान के बदले जान के भाव से ऊपर उठना चाहिए। कोलकाता में 8 अगस्त 2024 की रात आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर का रेप और मर्डर हुआ था। 9 अगस्त को बॉडी मिली थी। जस्टिस दास ने फैसले में कहा था कि मामला रेयरेस्ट ऑफ रेयर केस की कैटेगरी में नहीं आता है, इसलिए फांसी की सजा नहीं दी जा सकती।

## महाकुंभ में अनुपम खेर बोले- योगी के लिए प्रार्थना करूंगा

**प्रयागराज ( एजेंसी )।** महाकुंभ का मंगलवार को 9वां दिन है। बिजनेसमैन गौतम अडाणी पत्नी प्रीति अडाणी के साथ महाकुंभ पहुंचे। वह यहां करीब डेढ़ घंटे तक रहे। इस दौरान उन्होंने बड़े हनुमान की पूजा की, फिर संगम की आरती की। इसके बाद अडाणी इस्कॉन की रसोई में गए और वहां भंडारे का भोजन बनाया। फिर लोगों को खाना परोसा और खुद भी भंडारे में भोजन किया। अभिनेता अनुपम खेर भी महाकुंभ पहुंचे। उन्होंने कहा- मैं बहुत खुश हूं कि इस समारोह में आया हूं। जिस तरह से यहां आयोजन हुआ है, एक सुरक्षित वातावरण है। इसका श्रेय प्रशासन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जाता है। मैं सबके लिए प्रार्थना करूंगा। वहीं, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने भी आज पत्नी और मंत्री नंदी के साथ संगम में स्नान किया। उन्होंने कहा कि योगीजी ने बहुत बढ़िया व्यवस्था की है। आज अभी तक 27.41 लाख लोग संगम में डुबकी लगा चुके हैं। इस तरह 9 दिन में 9 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं। 1 फरवरी को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, 5 फरवरी को पीएम मोदी और 10 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू महाकुंभ आएंगी।

## डल्लेवाल बोले- मुझे इलाज की जरूरत नहीं

**पटियाला ( एजेंसी )।** पंजाब-हरियाणा के खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की भूख हड़ताल का आज 57वां दिन है। सोमवार शाम को खनौरी बॉर्डर पर डल्लेवाल की देखरेख कर रहे डॉक्टरों ने मेडिकल बुलेटिन जारी कर बताया कि शनिवार रात से मेडिकल सहायता लेने के बाद उनकी तबीयत में कुछ सुधार है। उनके ब्लड सैंपल की रिपोर्ट जल्द ही आ जाएगी।

# अमर शहीद हेमू कालाणी की प्रतिमा पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया माल्यार्पण

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को उज्जैन की सिंधी कॉलोनी स्थित क्रांतिकारी और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद हेमू कालाणी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने अवसर पर कहा कि आज अमर शहीद हेमू कालाणी का बलिदान दिवस है। उन्होंने मात्र 19 वर्ष की उम्र में स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हेमू कालाणी सहित अन्य



क्रांतिकारियों के अथक प्रयासों से लगभग एक हजार साल का गुलामी का काल खत्म हुआ। हर शताब्दी में भारत माता की गोद में विदेशी आक्रंताओं से लड़ने वाले वीर शहीदों ने जन्म लेकर भारतीय संस्कृति की रक्षा कर जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी को चरितार्थ किया है। अंग्रेजी आक्रंताओं ने भारत से धन लूटा। हमारे अमर शहीदों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर अंग्रेजों को देश से भगाकर इस लूट को रोका था।

## मूर्ति बोले-हफ्ते में 70 घंटे काम कोई थोप नहीं सकता

**मुंबई ( एजेंसी )।** इंफोसिस के को-फाउंडर नारायण मूर्ति ने हफ्ते में 70 घंटे काम वाले अपने बयान पर सफाई दी। उन्होंने कहा- ऐसा कोई नहीं है जो कह सके कि आपको यह करना चाहिए, आपको यह नहीं करना चाहिए। मूर्ति ने कहा, कोई भी व्यक्ति लंबे समय तक काम करने की मांग नहीं कर सकता है। ये ऐसे मुद्दे हैं जिन पर आत्मचिंतन करना चाहिए ना की बहस। इसकी आवश्यकता समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा- मैं सुबह 6.30 बजे ऑफिस पहुंचता था और रात 8:30 बजे निकलता था। मैं ऐसा 40 साल से कर रहा हूं। मैंने ऐसा किया ये फैक्ट है। इसलिए कोई भी ये नहीं कह सकता है कि ये गलत है। नारायण मूर्ति 20 जनवरी को इंडियन मर्चेंट्स चैंबर के आयोजित किलाचंद मेमोरियल लेक्चर में शामिल हुए थे। वर्क-लाइफ बैलेंस पर उनसे किए गए सवाल के जवाब में उन्होंने ये बात कही। अक्टूबर 2023 में मूर्ति ने देश के युवाओं को हफ्ते में 70 घंटे काम करने की सलाह दी थी।

## भाजपा बोली- दिल्ली में जरूरतमंदों को

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भाजपा ने कहा कि हम दिल्ली में जरूरतमंदों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा देंगे। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को पार्टी के संकल्प पत्र का दूसरा पार्ट पेश किया। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने पर यूपीएससी और राज्य सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को 15 हजार रुपए की सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि ऑटो-टैक्सी चालक कल्याण बोर्ड बनाया जाएगा और चालकों को 10 लाख रुपए का जीवन बीमा और 5 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा



देगी। भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर केजरीवाल ने कहा- भाजपा के दोनों संकल्प पत्र सिर्फ दिल्ली के लिए ही नहीं बल्कि देश के लिए भी खतरनाक हैं। भाजपा दिल्ली की सत्ता में आई तो मोहल्ला क्लीनिक बंद कर देगी। फ्री शिक्षा, फ्री बिजली-पानी और महिलाओं की फ्री बस यात्रा भी बंद कर देगी।

दिल्ली में 5 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव में कुल 699 उम्मीदवार 70 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। 20 जनवरी को नाम वापस लेने की अंतिम तिथि थी। चुनाव आयोग (ईसी) की वेबसाइट के अनुसार, 1,522 उम्मीदवारों ने चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया था। नई दिल्ली सीट पर आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल के खिलाफ 22 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

## छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर मुठभेड़..27 नक्सलियों के मारे जाने की खबर

**गरियाबंद ( एजेंसी )।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में हुई मुठभेड़ में 27 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। 16 के शव और हथियार भी बरामद कर लिए गए हैं। इनमें 1 करोड़ का इनामी जयराम उर्फ चलपति समेत कई कमांडर भी मारे गए हैं। मुठभेड़ खत्म हो गई, फिलहाल सर्चिंग ऑपरेशन जारी है। रविवार रात को छत्तीसगढ़ और ओडिशा की ओर से जॉइंट ऑपरेशन चलाया गया था। सोमवार को भालू डिग्गी जंगल में दिनभर रुक-रुककर फायरिंग हुई जो मंगलवार को भी जारी है। करीब 1000 जवानों ने 60 नक्सलियों को घेर रखा है। ड्रोन से भी निगरानी रखी जा रही है। मुठभेड़ के बीच बैकअप पार्टी भी भेजी गई है। बताया जा रहा है कि, पहले फोर्स का 15-20 किमी का घेरा था, अब नक्सली 3 किमी में सिमट गए हैं। घेरे गए सभी 60 नक्सलियों को मारने की भी संभावना है। वहीं, एक जवान घायल हुआ हैं, जिसे एयरलिफ्ट करके रायपुर लाया गया। स्क्ल (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) जवान के पैर में गोली लगी है। गरियाबंद स्क्क निखिल राखेचा, ओडिशा के नुआपाड़ा एसपी राघवेंद्र गूंडाला, ओडिशा डीआरजी नक्सल ऑपरेशन अखिलेश्वर सिंह और कोबरा कमांडेंट डीएस कथैत ऑपरेशन की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने ताहिर हुसैन की याचिका पर सुनवाई टाली

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली दंगे के आरोपी ताहिर हुसैन की जमानत याचिका पर सुनवाई सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को टाल दी। जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने कहा कि मामले पर सुनवाई कल यानी 22 जनवरी को करेंगे। 4 साल 9 महीने से जेल में बंद ताहिर हुसैन को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने मुस्तफाबाद से कैंडिडेट बनाया है। उन्होंने दिल्ली चुनाव लड़ने के लिए ही सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका लगाई है। मामले पर 20 जनवरी को भी सुनवाई हुई थी।



इसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जेल में बंद सभी लोगों को चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिए। इस पर ताहिर की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ अग्रवाल ने मंगलवार यानी आज कोर्ट की सुनवाई करने का अनुरोध किया था। इस पर जस्टिस मित्तल ने कहा था- अब तो जेल में बैठकर चुनाव लड़ते हैं। जेल में बैठकर चुनाव जीतना आसान है। इन सभी को चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिए। इस पर ताहिर के वकील ने कहा था कि ताहिर का नामांकन स्वीकार किया जा चुका है। इसके बाद ही कोर्ट ने मामले को मंगलवार के लिए लिस्ट किया था।

हाईकोर्ट ने नामांकन के लिए कस्टडी पैरोल दी थी ताहिर पर दिल्ली दंगों के दौरान 25 फरवरी 2020 को आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या करने का आरोप है।

## राजस्थान के 14 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में बर्फबारी जारी है। मौसम विभाग ने कहा कि बर्फीली हवाओं के कारण उत्तर भारत के राज्यों में भी तापमान में गिरावट हुई है। मध्य प्रदेश और राजस्थान के 14 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। स्क्क में सबसे कम तापमान मंडला में 5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, राजस्थान में हिल स्टेशन माउंट आबू में पारा 8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। दोनों राज्यों में कल बारिश की संभावना भी है।

## सैफ 5 दिन बाद लीलावती अस्पताल से डिस्चार्ज

**मुंबई ( एजेंसी )।** लीलावती अस्पताल से घर पहुंचने में सैफ अली खान को करीब 15 मिनट लगे। वे कार से उतरकर बिल्डिंग के अंदर गए। एक्टर सैफ अली खान को 5 दिन बाद मंगलवार को लीलावती अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। 15 जनवरी की रात करीब ढाई बजे उन पर चाकू से हमला किया गया था। सैफ के गले और रीढ़ में गंभीर चोटें आई थीं। इसके बाद सैफ ऑटो से लीलावती अस्पताल पहुंचे थे, जहां उनकी सर्जरी हुई और इलाज चला। सैफ अली खान को लीलावती अस्पताल से घर पहुंचने में करीब 15 मिनट लगे। इस दौरान वे



सड़क पर लोगों का हंसकर अभिवादन करते हुए दिखे। जब वे घर पहुंचे तो खुद ही कार से उतरकर बिल्डिंग के अंदर गए। सैफ व्हाइट शर्ट, नीली जींस, काला चश्मा पहने दिखे। उनके पीठ पर पट्टी लगी दिख रही थी। उनके घर के बाहर भारी सुरक्षा व्यवस्था है। बेरिकैडिंग की गई है। सैफ अब सतगुरु शरण अपार्टमेंट में नहीं रहेंगे, जहां उन पर हमला किया गया। पास ही फॉर्च्यून हाइट्स इमारत में उनका सामान शिफ्ट किया गया है, ये एक्टर का दफ्तर है। सैफ की सुरक्षा एक्टर रोनित रॉय की एजेंसी को सौंपी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस जानलेवा हमले के बाद सैफ अली खान ने अपनी सिक्योरिटी टीम बदल दी है। अब उन्हें एक्टर रोनित रॉय की सिक्योरिटी एजेंसी सुरक्षा मुहैया कराएगी।

## 1984 सिख विरोधी दंगे- फैसले की तारीख बढ़ी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दंगों से जुड़े एक अन्य मामले में 2018 में हाईकोर्ट ने सज्जन कुमार को दोषी ठहराया और उम्रकैद की सजा सुनाई थी। 1984 के सिख विरोधी दंगा मामले में दिल्ली का राउज एवेन्यू कोर्ट 31 जनवरी को फैसला सुनाएगा। मामला कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार से जुड़ा है। उन पर दंगों के दौरान पिता-पुत्र की हत्या का आरोप है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984 में हुए सिख विरोधी दंगे शुरू हुए थे। इसी दौरान 1 नवंबर को पश्चिमी दिल्ली के राज नगर पार्ट-1 में सरदार जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुण दीप सिंह की हत्या कर दी गई। शाम करीब 4.30 बजे दंगाइयों भीड़ ने उनके घर इलाके में हमला किया था। आरोप है कि भीड़ का नेतृत्व सज्जन कुमार कर रहे थे। सज्जन कुमार पर मृतकों के परिवार से साथ मारपीट का भी आरोप है। दिल्ली के सरस्वती विहार थाने में इस मामले में केस दर्ज किया गया था। 16 दिसंबर, 2024 को हुई सुनवाई में राउज एवेन्यू कोर्ट ने सज्जन कुमार पर फैसला टाल दिया था। फैसले की तारीख 8 जनवरी रखी गई थी।

## गुजरात में नगरपालिका-पंचायत चुनाव की तारीख का ऐलान

**अहमदाबाद ( एजेंसी )।** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार गुजरात में स्थानीय निकाय के चुनावों का ऐलान हो गया है। गुजरात राज्य चुनाव आयोग ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में जूनागढ़ नगर निगम और राज्य की 66 नगर निगमों में चुनावों का ऐलान किया। आयोग ने जूनागढ़ नगर निगम और 66 नगर पालिका चुनावों का ऐलान किया। आयोग के अनुसार इसके लिए 16 फरवरी को वोट डाले जाएंगे और चुनाव परिणाम 18 फरवरी को आएंगे।

जूनागढ़ नगर निगम और 66 नगर पालिकाओं में धनेरा नगर पालिका को



चुनाव कार्यक्रम से बाहर रखा गया है। आयोग ने ग्राम पंचायत चुनाव की घोषणा नहीं की है। ऐसे में राज्य की 2178 सीटों पर मतदान होगा। नामांकन 1 फरवरी तक दाखिल किए जा सकेंगे।

चुनाव क्षेत्रों में आज से आदर्श आचार संहिता लागू हो गई। चुनाव आयोग ने जिन तीन तहसील पंचायत के चुनावों का ऐलान किया है। उनमें कठलाल, कपड़वंज और गांधीनगर शामिल हैं। सरदार पटेल के जन्मस्थान करमसद और आणंद महानगर पालिका में चुनाव नहीं होगा। इसके अलावा थराद, ईडर, धानेरा, वीजापुर में नए सीमांकन के चलते चुनावों का ऐलान नहीं किया गया है।

## ममता सरकार बोली- कोलकाता रेप-मर्डर के दोषी को फांसी हो

**कोलकाता ( एजेंसी )।** कोलकाता रेप और मर्डर के दोषी संजय रॉय को सोमवार को सियालदह कोर्ट ने उम्रकैद (मरते दम तक जेल) की सजा सुनाई। इस फैसले के खिलाफ ममता सरकार मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट पहुंच गई। बंगाल सरकार की ओर से एडवोकेट जनरल किशोर दत्ता ने सियालदह कोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका लगाई। इसमें कहा- दोषी संजय रॉय की उम्रकैद की सजा सही नहीं है। उसे फांसी की सजा होनी चाहिए। कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस देबांग्शु बसक ने याचिका स्वीकार कर ली है। हालांकि, इसकी सुनवाई कब शुरू होगी, इसकी अभी जानकारी सामने नहीं आई है। सियालदह कोर्ट के जज अनिर्बान दास ने सोमवार, दोपहर 2:45 बजे सजा सुनाते हुए कहा था, यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामला नहीं है। इसलिए मौत की सजा नहीं दी सकती। इसके बाद पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- मुझे पूरा विश्वास है कि यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामला है

## महाकुंभ में नकली शेख को साधु ने पीटा, पीएम मोदी के भतीजे ने गाया भजन

**प्रयागराज ( एजेंसी )।** उद्योगपति गौतम अडाणी मंगलवार को महाकुंभ आएंगे। इस दौरान वह इस्कॉन पंडाल में भंडारा करेंगे। साथ ही त्रिवेणी में पूजा-अर्चना के बाद बड़े हनुमान जी के दर्शन करेंगे। मेले में एक युवक सऊदी अरब के शेख का रूप धारण कर महाकुंभ में घूम रहा था। नकली शेख को एक साधु ने जमकर पीट दिया। इसका वीडियो भी सामने आया है। वहीं, राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति भी महाकुंभ मेले में पहुंचीं। उन्होंने कहा- मैं बहुत उत्साहित हूं। 144 साल बाद ये महाकुंभ लग रहा है। मैं यहां 3 दिन रहूंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भतीजे सचिन ने अपने दोस्तों के साथ महाकुंभ में भजन गाए। उनके पिता और प्रधानमंत्री के भाई पंकज मोदी भी वहां खड़े दिखे।

मोरारी बापू की कथा में पूर्व



राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, पत्नी और बेटी के साथ शामिल हुए। कोविंद ने कहा- हम श्रीराम को मानते हैं तो उनकी बातों को मानने में झिझक क्यों होती है। स्वामी चिदानंद ने कहा- अब समय आ गया है कि हम न बंटेंगे, न बांटेंगे, न डरेंगे, न डराएंगे, न कटेंगे, न लड़ेंगे, न लड़ाएंगे। महाकुंभ में कबीरदास जी के भजन गाते पीएम मोदी के भतीजे सचिन मोदी। महाकुंभ में कबीरदास जी के भजन गाते पीएम मोदी के भतीजे सचिन मोदी।

महाकुंभ का आज 8वां दिन है। दोपहर 2 बजे तक 44.62 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने स्नान किया। अब तक कुल 8.5 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने ट्रैफिक प्लान बदला है। अब पूरे महाकुंभ के दौरान प्राइवेट वाहनों का मेला क्षेत्र में प्रवेश बंद रहेगा।

# कर्नाटक में कांग्रेस की जय भीम, जय बापू रैली

**बेलगावी ( एजेंसी )।** महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के 100 साल पूरे होने पर कर्नाटक कांग्रेस ने बेलगावी में मंगलवार को जय भीम, जय बापू, जय संविधान रैली निकाली। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार भी शामिल हुए।

खड़गे ने कहा- भाजपा पिछले कई सालों से संविधान को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। अगर देश में संविधान नहीं होता तो देश में अराजकता होती। यही कारण है कि आजकल लोग गांधी को याद करते हैं। लोग उनके काम, उनके बलिदान और योगदान के लिए उनका सम्मान करते हैं। वहीं, सीएम सिद्धारमैया ने कहा- महात्मा गांधी एक डायहार्ड हिंदू थे और कांग्रेस गांधी के हिंदुत्व में विश्वास



रखती है। गांधी हमेशा भगवान राम का नाम लेते थे। जब नाथूराम गोडसे ने उनकी हत्या की, तो गांधी ने हे राम कहा था।

भाजपा ने हमेशा गांधी को हिंदू विरोधी के रूप में पेश किया, लेकिन वो 100 प्रतिशत झूठ है।

डिप्टी ष्टरूशिवकुमार ने कहा- भले ही गांधी जी की मृत्यु हो गई हो, लेकिन उनके मूल्य अभी भी जीवित हैं। यह सिर्फ कांग्रेस का कार्यक्रम नहीं है। राष्ट्रपिता के नेतृत्व और अहिंसा आंदोलन को दुनिया के सभी नेताओं ने स्वीकार किया था। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा-हम गोडसे पार्टी की कही हुई बातें नहीं सुनना चाहते। जो लोग स्वतंत्रता आंदोलन के बारे में नहीं जानते। उन्हें नहीं पता कि बलिदान क्या होता है।

# इंडिया की जर्सी पर नहीं होगा पाकिस्तान का नाम, चैंपियंस ट्रॉफी से पहले मचा बवाल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉपी 2025 शुरू होने में अब बस कुछ ही दिन शेष हैं। हाइब्रिड मॉडल के तहत होने वाले इस टूर्नामेंट के मुकाबले पाकिस्तान के तीन शहरों रावलपिंडी, कराची और लाहौर साथ ही दुबई में होंगे। वहीं टूर्नामेंट की मेजबानी पाकिस्तान के हाथ में है जबकि टीम इंडिया के सभी मैच दुबई में होंगे। लेकिन इस टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले एक नया बखेड़ा खड़ा हो गया है। दरअसल, इस टूर्नामेंट के मुख्या आयोजक पाकिस्तान का नाम इस बार टीम इंडिया की जर्सी पर नहीं होगा।

पाकिस्तान और दुबई में होने वाले इस टूर्नामेंट से एक नया विवाद सामने आया है, जिसमें भारत ने कथित तौर पर टीम इंडिया की जर्सी पर पाकिस्तान छपे होने पर आपत्ति जताई थी। भारत ने अपने चैंपियंस ट्रऑपी के मैच दुबई में खेलने के लिए तैयार है हालांकि, पाकिस्ता टूर्नामेंट के आधिकारिक मेजबान बना हुआ है। पीसीबी के एक अधिकारी ने इस मामले में पीटीआई से बात की। इस दौरान अधिकारी ने कहा कि, बीसीसीआई टीम इंडिया की जर्सी पर पाकिस्तान का नाम ना छपवाकर क्रिकेट में राजनीति कर रहा है। इससे पहले, बीसीसीआई ने कथित तौर पर कप्तान रोहित शर्मा को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए कप्तानों की बैठक के लिए पाकिस्तान भेजने से भी इनकार कर दिया था। वहीं पीसीबी अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर सोमवार को आईएएनस को बताया कि, बीसीसीआई क्रिकेट में राजनीति ला रहा है, जो खेल के लिए बिल्कुल भी अच्छा नहीं है। उन्होंने पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया है। वे अपने कप्तान को ओपनिंग सेरेमनी के लिए पाकिस्तान नहीं भेजना चाहते, अब ऐसी खबरें हैं कि वे मेजबान देश का नाम अपनी जर्सी पर नहीं छपवाना चाहते। हमारा मानना है कि विश्व शासी निकाय ऐसा नहीं होने देगा और पाकिस्तान का समर्थन करेगा। पीसीबी केबहुत जोर देने के बावजूद बीसीसीआई ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया को पाकिस्तान भेजने से इनकार करने पर अपना रुख नहीं बदला।

# शमी अभ्यास सत्र में पैर में पट्टी बांधे दिखे

**कोलकाता (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इंग्लैंड के खिलाफ टी20 क्रिकेट सीरीज के लिए लगाये अभ्यास सत्र के दौरान लंगड़ाते हुए गए ड्रेसिंग रूम की ओर जाते दिखे। शमी को पैर पर पट्टी बांधे देखा गया और वो लंगड़ाकर ड्रेसिंग रूम की ओर जा रहे थे। भारतीय टीम को 22 जनवरी से इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। इसमें शमी की फिटनेस की जांच भी हो जाएगी। शमी को अगले माह होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए भी टीम में शामिल किया गया है। ऐसे में उनकी फिटनेस पर चयन समिति की भी नजरं रहेंगी। शमी जिस प्रकार से अभ्यास के दौरान असहज नजर आये उससे उनकी फिटनेस पर सवाल उठने लगे हैं। शमी एक साल से भी अधिक समय से टीम से बाहर हैं। साल 2024 के पूरे सत्र में वह टखने की चोट के कारण नहीं खेल पाये थे। गत वर्ष नवंबर में बंगाल की ओर से घरेलू क्रिकेट में उनकी सफल वापसी हुई। इसी को देखते हुए चयनकर्ताओँ ने शमी को इंग्लैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी से पहले मैदान में उतारा। शमी ने ईडन गार्डन्स में पहले अभयास सत्र में भाग लिया। उन्होंने एक घंटे से अधिक समय तक पूरी ताकत से गेंदबाजी की पर इसके बाद उन्हें पैर में दर्द होने लगा।

# फखर को इन चार टीमों के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज फखर जमान ने आगामी टी20 विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमों को लेकर भविष्य वाणी की है। फखर ने कहा है कि इसमें पाकिस्तान, भारत, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका जैसे टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। फखर ने बासित अली से कहा कि पाकिस्तान के अलावा भारत, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका ऐसी टीमें हैं जो सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। इसमें पाकिस्तान के साथ ही भारत और बांग्लादेश ए ग्रुप में है जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम बी ग्रुप में इंग्लैंड, न ऑस्ट्रेलिया के साथ हैं। वहीं चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी को लेकर औपचारिक घोषणा के साथ ही इसको लेकर संशय भी दूर हो गया। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टूर्नामेंट का कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। आठ टीमों के इस आयोजन में 50 ओवर के प्रारूप में 15 मैच शामिल होंगे और यह पाकिस्तान और दुबई में आयोजित किए जाएंगे। इसमें भारत और पाकिस्तान मुकाबला 23 फरवरी को दुबई में होगा।

रावलपिंडी, लाहौर और कराची पाकिस्तान में टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाले तीन स्थान होंगे। प्रत्येक स्थान पर तीन ग्रुप मैच आयोजित होंगे, साथ ही लाहौर दूसरे सेमीफाइनल की भी मेजबानी करेगा।

# विराट कोहली के बारे में सौरव गांगुली ने कही ये बड़ी बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भले ही विराट कोहली और सौरव गांगुली के बीच कितने ही मतभेद की खबरें आए लेकिन सौरव गांगुली अक्सर कोहली की तारीफ ही करते दिखते हैं। वहीं हाल ही में सौरव गांगुली ने टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और सलामी बल्लेबाज विराट कोहली को वाइट बॉल क्रिकेट का सबसे महान खिलाड़ी बताया है। दादा ने कोहली की जमकर तारीफ की है।

दादा ने ये भी कहा कि विराट जैसे खिलाड़ी विरले ही पैदा होते हैं। पूर्व भारतीय कप्तान ने राज्य के खिलाड़ियों के लिए बंगाल क्रिकेट संघ के सम्मान समारोह के दौरान कहा कि, विराट कोहली जैसे क्रिकेटर विरले ही पैदा होते हैं। अपने करियर में 81 इंटरनेशनल शतक बनाना अविश्वसनीय है। मेरे लिए वह शायद सफेद गेंद के दुनिया के सबसे महान खिलाड़ी हैं।

पर्थ में शतक के बाद कोहली के संघर्ष पर गांगुली ने कहा कि उन्हें भी हैरानी हुई कि वह सीरीज केबाकी बचे मैचों में शतक नहीं बना पाए। गांगुली ने कहा कि, मैं वास्तव में हैरान था कि पर्थ में शतक बनाने के बाद उन्होंने किस तरह से बल्लेबाजी की। इससे पहले उन्हें संघर्ष करना पड़ा था लेकिन पर्थ में शतक बनाने के बाद मुझे लगा कि ये उनके लिए एक बड़ी सीरीज होगी। दादा ने आगे कहा कि, मुझे लगता है कि ऐसा होता है।

# बीसीसीआई की गाइडलाउंस के बाद रणजी ट्रॉफी में खेलेंगे ये दिग्गज खिलाड़ी, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रहे थे फ्लॉप



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विजय हजारे ट्रॉफी के बाद अब एक बार फिर रणजी सीजन शुरू होने वाला है। लीग राउंड में आखिरी दो मैच खेले जाने हैं जिसके बाद नॉकआउट का दौरा शुरू होगा। बचे हुए दो मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गए और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बीजीटी खेल चुके 9 दिग्गज नजर आएंगे। वहीं इन खिलाड़ियों में टीम के कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे नाम भी शामिल हैं। ये बीसीसीआई की नई गाइडलाइंस का ही असर है जिसमें टीम इंडिया के खिलाड़ियों का ब्रेक के समय घरेलू क्रिकेट खेलना अनिवार्य है। मुंबई की टीम में भारत के कई स्टार खिलाड़ी नजर आएंगे। इनमें यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा जम्मू-कश्मीर के खिलाफ मैच में टीम का हिस्सा होंगे। रोहित ने पहले टीम के साथ प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा लिया था। इसके बाद उन्होंने खुद को मैच के लिए उपलब्ध बताया। इन खिलाड़ियों का सामना तेज गेंदबाज उमरान मलिक से होगा जो अपनी रफ्तार के लिए जाने जाते हैं।

विराट कोहली जबकि विराट कोहली 23 जनवरी से शुरू होने वाले मैच में सौराष्ट्र का सामना करेंगे। इसके बाद 30 जनवरी को टीम का सामना रेलवे से होगा। रेलवे के खिलाफ मैच में विराट कोहली दिल्ली का हिस्सा होंगे। 12 साल बाद कोहली फर्स्ट क्लास मैच खेलते हुए दिखेंगे। वहीं पंत भी काफी समय बाद दिल्ली का हिस्सा होंगे।

**रविंद्र जडेजा** – साथ ही टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा भी रणजी ट्रॉफी खेलते हुए दिखेंगे। वह सौराष्ट्र के लिए मुकाबला खेलने उतरेंगे। इस टीम में जडेजा के अलावा दिग्गज बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा भी शामिल हैं। जडेजा साल 2023 में भी रणजी ट्रॉफी का मैच खेल चुके हैं उस दौरान सौराष्ट्र ने तमिलनाडु के हराया था।

**मयंक अग्रवाल–** बीजीटी में एक मैच खेलने वाले देवदत्त पडिक्कल भी रणजी ट्रॉफी में खेलेंगे। वह मयंक अग्रवाल की कप्तानी वाली कर्नाटक में खेलेंगे। उनके अलावा सिडनी टेस्ट के लिए टीम इंडिया में एंट्री करने वाले प्रसिद्ध कृष्णा भी टीम का हिस्सा होंगे।

**मोहम्मद सिराज–** इसके अलावा मोहम्मद सिराज भी रणजी ट्रॉफी में खेलते हुए दिखेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सिराज 30 जनवरी से शुरू होने वाले आखिरी लीग मैच में हैदराबाद का सामना करने उतरेंगे।

# खेल से बड़ा कोई नहीं, विराट रोहित सहित सभी घरेलू क्रिकेट खेलें : योगराज



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह ने कहा है कि खेल से बड़ा कोई खिलाड़ी नहीं होता। इसलिए विराट कोहली और रोहित शर्मा सहित सभी सीनियर खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिये। वहीं इससे पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने ऑस्ट्रेलिया में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद सभी खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट खेलना अनिवार्य कर दिया था। इसके अलावा खिलाड़ियों के लिए 10 नियम भी बना दिया हैं। इन्हीं को लेकर योगराज ने कहा कि कोई भी खेल से बड़ा नहीं है। उन्होंने महान खिलाड़ियों सर विवियन रिचर्ड्स और सर डॉन ब्रैडमैन का उदाहरण भी दिया और कहा कि वे भी घरेलू क्रिकेट खेलते थे। उन्होंने वरिष्ठ खिलाड़ियों से राष्ट्रीय टीम में न होने पर घरेलू क्रिकेट में भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, आप कभी भी खेल से बड़े नहीं हो सकते। न तो विव रिचर्ड्स और न ही डॉन ब्रैडमैन, वे कभी भी क्रिकेट से बड़े नहीं थे और न ही कोई बन सकता है। इसलिए आप जो करते हैं वह यह है कि आप दौरे से वापस आते हैं, आपको घरेलू क्रिकेट खेलना शुरू करना चाहिए। जब टेस्ट खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट खेलते हैं, तो उनके साथ खेलने वाले बाकी युवाओं को काफी आत्मविश्वास मिलता है।

इसके साथ ही योगराज ने अपने बेटे युवराज सिंह का उदाहरण दिया और बताया कि टीम से बाहर होने पर वह भी घरेलू क्रिकेट खेलता था। उन्होंने कहा, जब भी युवराज भारतीय टीम में नहीं होता था तो वह रणजी ट्रॉफी खेलने जाता था। जब टीम कोई टूर्नामेंट नहीं खेल रही होती थी।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सूर्यकुमार को शामिल किया जाना चाहिये था-रेना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने कहा है आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जैसे टूर्नामेंट के लिए सूर्यकुमार यादव जैसे आक्रामक क्रिकेटर को टीम में शामिल किया जाना चाहिये था। रैना ने कहा कि मध्यक्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार इस टूर्नामेंट में एक्स-फैक्टर साबित हो सकते थे, इसलिए टीम को उनकी कमी महसूस होगी। रैना ने कहा, सूर्या विश्व कप टीम का अभिन्न हिस्सा थे, वह 360 डिग्री के खिलाड़ी हैं जो खेल के किसी भी चरण में 9 रन प्रति ओवर की दर से रन बना सकते हैं। वह अपनी बल्लेबाजी से विपक्षी टीम पर दबाव बनाने में सक्षम हैं। ऐसे में उनका होना खेल में अंतर पैदा कर सकता है। अब उनके नहीं होने से शीर्ष 3 पर रनों की जिम्मेदारी रहेगी। सूर्या ऐसे खिलाड़ी हैं जो किसी भी स्थिति और क्रम में बल्लेबाजी कर सकते हैं।

रैना ने यह भी कहा कि जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी फिटनेस को लेकर जो संशय छाया हुआ है। उन हालातों में तेज गेंदबाज मोम्मद सिराज को टीम में रखा जाना चाहिये था। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया में सिराज अलग फॉर्म में थे पर 12 फरवरी तक टीम में बदलाव किया जा सकता है। ऐसे में मुझे लगता है कि अगर बुमराह पूरी तरह से फिट नहीं होते हैं तो सिराज को अब भी टीम में जगह मिल सकती है। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया दौरे में युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने अच्छा प्रदर्शन किया है। उनके पास अच्छी गति, अच्छी बम्पर, वैरिएशन, यॉर्कर और पेस है। वह और बांए हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह दोनों डेथ ओवरों में प्रभावी गेंदबाजी कर सकते हैं, लेकिन मुझे अब भी लगता है कि अगर बुमराह नहीं होते हैं तो सिराज को रखा जाना चाहिये।

रैना ने शुभमन गिल को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उप-कप्तानी देने के कदम को सही बताया। उन्होंने कहा, शुभमन को सही समय पर उप-कप्तानी मिली है। वह भारतीय क्रिकेट के अगले सुपरस्टार हैं और उन्होंने एकदिवसीय में शानदार प्रदर्शन किया है। रोहित जानते हैं कि किसी युवा खिलाड़ी को कैसे प्रशिक्षित करना है और शुभमन इसके लिए सही उम्मीदार हैं। दुबई की पिचें धीमी होती हैं और टर्न लेती हैं, इसलिए रैना ने कहा कि बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव और ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या गेंदबाजी विभाग में अहम भूमिका निभा सकते हैं। भारतीय टीम ने दो बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती है। ऐसे में रैना के अनुसार रोहित और उनके साथी इस बार भी जीत सकते हैं।

# स्मिथ फिट नहीं होते तो श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के लिए हेड को टेस्ट कप्तान बनायें-वॉर्नर



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने कहा है कि अगर श्रीलंका दौर के लिए कप्तान बनाये गये स्टीव स्मिथ समय पर फिट नहीं होते हैं तो ट्रेविस हेड को ये जिम्मेदारी दी जा सकती है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने नियमित कप्तान पैट कमिंस के उपलब्ध नहीं होने के काण स्मिथ को इस सीरीज के लिए कप्तान बनाया था पर वह घरेलू बिग बैश लीग (बीबीएल) में चोटिल हो गये है। मैच में फील्डिंग के दौरान स्मिथ की दाहिने कोहनी में चोट लगी है। इसी काण वह अभी इलाज करा रहे हैं और दुबई में आईसीसी अकादमी में ऑस्ट्रेलिया के अभ्यास सत्र में भी शामिल नहीं हुए हैं। वॉर्नर के अनुसार अगर स्मिथ 29 जनवरी से गाले में शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए फिट नहीं होते, तो इस दौरे के लिए उप-कप्तान बनाए गए हेड को कमान दे देनी चाहिये।

वॉर्नर ने कहा, मुझे नहीं लगता कि वह ज्यादा बोलेंगे। जब उन्हें सही लगेगा, तब बदलाव करेंगे। वह लंबे समय से दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तानी कर रहे हैं और उनके पास एक अच्छा क्रिकेटिंग दिमाग है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर स्मिथ पूरे दौरे से बाहर हो जाते हैं, तो यह ऑस्ट्रेलिया के लिए करार झटका होगा। अगर वह श्रीलंका दौरे से बाहर होते हैं, तो यह नुकसानदायक होगा हालांकि मुझे लगता है कि वह समय से फिट हो जाएंगे। श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज 29 जनवरी से गाले में शुरू होगी। इसका दूसरा मैच 6 फरवरी को वहीं खेला जाएगा। इसके बाद 12 और 14 फरवरी को कोलंबो में दो एकदिवसीय मैच खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया ने पहले ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली है। ऐसे में इस सीरीज के परिणाम से उसपर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

शहर के बोदाबाग स्थित ज्योति किंडरगार्डन गार्डन स्कूल का मामला

# पांच वर्षीय एलकेजी के छात्र को शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित किये जाने का आरोप

## विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने किया आंदोलन





**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शहर के बोदाबाग स्थित ज्योति किंडरगार्डन गार्डन स्कूल में अध्ययनरत 5 वर्षीय एल.के.जी. के छात्र को शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया यह मामला जैसे ही विद्यार्थी परिषद के संदर्भ में आया विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने नीम चौराहा के पास स्थित ज्योति किंडरगार्डन विद्यालय में छात्र के साथ हुई आपत्तिजनक घटना को लेकर आंदोलन किया। जिसमें जिला संयोजक पी एन पाण्डेय ने बताया कि जिन शिक्षको द्वारा छात्र को प्रताड़ित किया गया उनके खिलाफ एफआईआर की मांग की और साथ ही विद्यालय को किसी भी अन्य छात्र के साथ ऐसी दुर्घटना न दोहराने की हिदायत। कड़कड़ाती ठंड में पंचवर्षीय छात्र के कपड़े क्लास में टीचरों द्वारा उतर वाए गए। इतना ही नहीं साथ ही छात्रा से ठंडी में कपड़े भी धुलवाए गये। पाचवर्षी छात्र के साथ ऐसे आनिंदनीय न कार्य कराए गए जिससे छात्र की तबीयत भी खराब हो गई। यह वाक्या विद्यालय प्रशासन की छात्रों के प्रति क्रूरता को स्पष्ट रूप से प्रतिबिंबित करता है।

विद्यालय प्रशासन की इन्हीं दुर्व्यवहार एवं गैर जिम्मेदार आत्मक स्वभाव को रोकने एवं छात्रों पर हो रहे अत्याचारों एवं दुर्व्यवहारों को रोकने के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हमेशा छात्रों के लिए खड़ा रहता है। साथ ही विद्यार्थी परिषद ने यह भी मांग की प्राचार्य कक्ष में भारतीय महापुरुष की प्रतिमा भी लगाई जाए। अन्यथा विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। आंदोलन में प्रमुख रूप से नगर मंत्री हर्ष साहू, भाग संयोजक पवन द्विवेदी नगर सह मंत्री ऋषभ तिवारी विश्वविद्यालय मंत्री लव पाण्डेय प्रांत कार्यकारिणी सदस्य दिशा मिश्रा टीआरएस मंत्री आशीष द्विवेदी , आदर्श विज्ञान महाविद्यालय मंत्री आयुष शुक्ला, अध्यक्ष अभिनव विश्वकर्मा, उन्नति सिंह, सागर पांडेय,आयुष विश्वकर्मा, सिद्धांत तिवारी, प्रांतु तिवारी, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चिरहुला मंदिर के सौन्दर्यीकरण व विस्तार के कार्य कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** चिरहुला मंदिर परिसर में 3 करोड़ 25 लाख रूपये की लागत से विस्तार एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

मंदिर परिसर में निर्माणाधीन 30 दूकानों के निर्माण कार्य सहित प्रस्तावित पार्किंग स्थल का कलेक्टर ने निरीक्षण करते हुए निर्देश दिये कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ नियत समय पर पूरे करायें। मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार से मंदिर तक सड़क के किनारे में पेवर ब्लाक लगाकर चौड़ा करें तथा पार्किंग स्थल को समतल कर सुविधाजनक बनायें। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रस्तावित कार्ययोजना के अनुसार प्रवेश व निकास के मुख्य द्वार से मार्ग बनायें तथा मंदिर से लगे क्षेत्र में हाल का निर्माण प्रारंभ करायें। कलेक्टर ने अन्न क्षेत्र को व्यवस्थित करने तथा भीड़ में श्रद्धालुओं को परेशानी न हो ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उल्लेखनीय है कि नवीन दूकानों के बन जाने से मुख्य द्वार से मदिर तक का मार्ग चौड़ा व सुविधाजनक हो जायेगा तथा चिरहुला तालाब का सौन्दर्य भी बढ़ेगा साथ ही संपूर्ण परिसर में श्रद्धालुओं को सुगमता हो जायेगी। भ्रमण के दौरान एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, एसडीएम गुढ़ डॉ. अनुराग तिवारी, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह, कार्यपालन यंत्री पीआईयू के.के. तिवारी, सहायक मंत्री ओ.एन. मिश्रा, नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला उपस्थित रहे।

## भू अर्जन के बाद खसरे में विभागों का नाम अनिवार्य रूप से दर्ज करें



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित संभागीय बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने भू अर्जन के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि बड़े निर्माण कार्यों के लिए जमीन आवश्यक होती है। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार भू अर्जन की कार्यवाही तय समय सीमा में संपन्न करें। भू अर्जन में देरी होने से परियोजनाओं और बड़े निर्माण कार्यों में विलंब होता है। भू अर्जन की कार्यवाही पूरा होने के बाद खसरे में संबंधित विभाग का नाम अनिवार्य रूप से दर्ज करें। सभी कलेक्टर अब तक भू अर्जित की गई जमीनों के खसरे में अभियान चलाकर संबंधित विभागों के नाम दर्ज कराएं। खसरे में सुधार न होने से कई बार अप्रिय स्थिति पैदा होती है। कमिश्नर ने कहा कि लोक निर्माण विभाग को मुख्य रूप से सड़कों के निर्माण के लिए जमीनों का अर्जन किया जा रहा है। सभी एसडीएम भू अर्जन के प्रकरण 15 दिवस में निराकृत कर मुआवजे की राशि का वितरण कराएं। भू अर्जन के कारण किसी निर्माण कार्य में बाधा नहीं आनी चाहिए। जल संसाधन विभाग के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि सीधी जिले की गोड़ सिंचाई परियोजना के लिए लगभग 167.5 हेक्टेयर वन भूमि के बदले राजस्व भूमि उपलब्ध करानी है। यदि सिंगरौली जिले में भूमि उपलब्ध नहीं है तो सीधी जिले में जमीन उपलब्ध कराएं। सीतापुर-हनुमना उद्वहन सिंचाई परियोजना में नहरों के निर्माण के लिए सीधी जिले के 53 गांवों की 1290 हेक्टेयर जमीन की आवश्यकता होगी। संबंधित एसडीएम इन गांवों के नक्शे जल संसाधन विभाग को उपलब्ध करा दें जिससे भू अर्जन के प्रस्ताव तैयार किए जा सकें। कलेक्टर भू अर्जन के प्रकरणों के निराकरण की नियमित समीक्षा करें।

कमिश्नर ने रीवा-सिंगरौली रेल परियोजना की समीक्षा करते हुए कहा कि रीवा से गोविंदगढ़ तक की कार्यवाही पूरी हो गई है।

संभागीय समीक्षा बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने दिया निर्देश

# समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं पर तत्काल करें कार्यवाही, सप्ताह में दो दिन क्षेत्र का भ्रमण करें



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कमिश्नर कार्यालय में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि सभी संभागीय अधिकारी सप्ताह में कम से कम दो दिन क्षेत्र का भ्रमण करें। भ्रमण के दौरान विभाग के कार्यों की निगरानी के साथ अस्पताल, आंगनवाड़ी केन्द्र, स्कूल और छात्रावासों का निरीक्षण भी करें। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का तत्परता से निराकरण करें। इसमें शामिल ग्रामीण विकास विभाग, गृह विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, नगरीय निकाय, ऊर्जा विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी लंबित आवेदनों में कार्यवाही करके प्रकरणों का निराकरण कराएं।

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि छात्रावासों के निरीक्षण के लिए अधिकारी तैनात किए गए थे। उनसे प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर उपायुक्त ट्राईबल छात्रावासों में व्यवस्थाओं में सुधार के लिए आवश्यक कार्यवाही करें। छात्रावासों में भोजन, आवास, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश और सुरक्षा की उचित व्यवस्था करें। संयुक्त संचालक उद्योग विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की योजनावार तथा जिलेवार सूची प्रस्तुत करें। सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में 100 दिन से अधिक से लंबित प्रकरणों का विशेष प्रयास करके निराकरण कराएं।

पेंशन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि जनवरी माह में 77 शासकीय सेवक सेवानिवृत्त हो रहे हैं। कई बार निर्देश देने के बावजूद अब तक 58 कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। कमिश्नर ने पेंशन प्रकरण प्रस्तुत न करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी रीवा तथा सतना, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी हनुमना, त्योंथर, रायपुर, गंगेव तथा सिरमौर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एक वार्षिक वेतनवृद्धि अवरूद्ध करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने पेंशन प्रकरण प्रस्तुत न करने पर कार्यपालन यंत्री पीएचई, कार्यपालन यंत्री सेतु विकास निगम, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा तथा कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विद्युत यांत्रिकी विभाग की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें। योजनाओं में फरवरी माह के अंत तक विभागीय लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें। आपूर्ति नियंत्रक खाद्यान्न का समय पर उठाव कराकर उचित मूल्य दुकानों से वितरण कराएं। खाद्यान्न वितरण से जुड़ी सभी शिकायतों का सात दिवस में निराकरण करें। अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण भी प्राथमिकता से निराकृत कराएं। बैठक में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, एसडीओ वन विद्याभूषण मिश्रा, चीफ इंजीनियर ऊर्जा आईके त्रिपाठी, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, संयुक्त संचालक कृषि जेएस नेताम तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनकल्याण शिविर में आमजनता के 79731 आवेदन पत्र हुए मंजूर



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आमजनता के आवेदनों पर मौके पर कार्यवाही करने के साथ पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिले में 15 दिसम्बर से 21 जनवरी तक आयोजित 659 शिविरों में कुल 84195 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए। इनमें से 79731 आवेदन पत्र स्वीकार किए गए हैं। शेष 2480 आवेदन पत्रों में संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। अलग-अलग कारणों से 1965 आवेदन पत्र अमान्य किए गए हैं।

इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित 494 शिविरों में कुल 64319 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 60222 मंजूर किए गए हैं। विकासखण्ड त्योंथर में 19582, रायपुर कर्चुलियान में 5468, रीवा में 5471, सिरमौर में 12197, गंगेव में 5558 तथा जवा में 16043 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए हैं। इनमें से विकासखण्ड त्योंथर में 19391, रायपुर कर्चुलियान में 5170, रीवा में 4834, सिरमौर में 11558, गंगेव 5271 तथा जवा में 13998 आवेदन पत्र मंजूर किए गए हैं। शहरी क्षेत्र में आयोजित 165 शिविरों में कुल 19876 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 19509 मंजूर किए गए हैं। नगर निगम रीवा में 9512, नगर पंचायत सिरमौर में 652, गुढ़ में 3037, मनगवां में 1278, गोविंदगढ़ में 348, सेमरिया में 1219, चाकघाट में 524, त्योंथर में 1531, डभौरा में 1013 तथा नगर पंचायत बैकुण्ठपुर में 762 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से नगर निगम रीवा में 9496, नगर पंचायत सिरमौर में 622, गुढ़ में 3034, मनगवां में 1277, गोविंदगढ़ में 262, सेमरिया में 1204, त्योंथर में 1522, डभौरा में 922, चाकघाट में 408 तथा नगर पंचायत बैकुण्ठपुर में 762 आवेदन पत्र मंजूर किए गए हैं। शेष लंबित आवेदन पत्रों में संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र हितग्राहियों का सर्वे शुरू कराएगी जिला पंचायत

# प्रधानमंत्री आवास योजना में फिर से शुरू होगा सर्वे, नए नाम जोड़े जाएंगे, तैयारियां शुरू



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** प्रधानमंत्री आवास योजना केंद्र सरकार की देश के गरीब व जरूतरमंद लोगों को अपना घर उपलब्ध कराने की योजना है। इस योजना के तहत लाभार्थी को सब्सिडी व लोन प्रदान किया जाता है ताकि ये आसानी से अपना घर खरीद या बना सके। इस योजना को शहरों में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी और गांवों में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के नाम से संचालित किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में योजना का लाभ देने के लिए जिला पंचायत द्वारा जल्द ही पात्र हितग्राहियों का सर्वे शुरू कराया जाएगा। हितग्राहियो के नाम जोडे जाने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर सर्वेयर सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, उपयंत्री, एडीईओ, पीसीओ में से ही एक को नियुक्त किया जायेगा जो सर्वे प्रारम्भ करने के पूर्व प्रक्रियाओ को पूर्ण करायेंगे।

उल्लेखनीय है कि जिले अन्तर्गत सभी पंचातयो एवं ग्रामो की शत-प्रतिशत मैपिंग पोर्टल में किया जा चुका है। जिले के अन्तर्गत 820 पंचायत एवं 2709 ग्रामो की मैपिंग की गई है। कोई भी ग्राम छूटा नहीं है। सभी पंचायतों में सर्वे कार्य किये जाने हेतु सर्वेयर नियक्त/पंजीयन की कार्यवाही की जा रही है जिले के 820 सर्वेयर पंजीयन किया जायेगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने आवास 2024 सर्वेक्षण शुरू कर दिया है. जिसका पहला चरण सर्वेक्षणकर्ताओं का पंजीकरण है जो आवास अ 2024 मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करके सर्वे कार्य करेंगे। जनपद पंचायतो द्वारा सर्वेक्षणकर्ताओं को पंजीकृत कर लिया है और उन्हें आवास 2024 मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करने हेतु ग्राम पंचायतों में मैप कर दिया है। इस योजना में जिन हितग्राहियों के पास मोटाराइज्ड श्री या फोर व्हीलर वाहन ना हों, मशीनकृत श्री या फोर व्हीलर कृषि उपकरण ना हों, किसान क्रेडिट कार्ड धारक जिसकी सीमा 50000 या अधिक ना हो, यह परिवार जिसका कोई सदस्य शासकीय सेवक ना हों, यह परिवार जिसका गैर कृषि इन्टरप्राइजेज सरकार में पंजीकृत ना हों, वह परिवार जिसके किसी सदस्य की मासिक आय 15000 से अधिक ना हो, इन्कम टैक्स पे ना हो, 2.5 एकड या अधिक सिंचित भूमि ना हों, 5 एकड या अधिक असिंचित न ही पात्र होंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत इस बार लाभार्थी को अपनी पसंद का मकान बनाने का मौका दिया गया है। योजना के तहत आवास प्लस ऐप में पसंद का मकान बनाने का ऑप्शन दिया गया है। आप जिस डिजाइन का मकान बनाना चाहते हैं इसका डिजाइन फेस डिटेक्शन के साथ ऐप में फीड हो जाएगा। लाभार्थी को मकान बनाने के लिए 1.20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता चार किस्तों में प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की इस बार जारी की गई संशोधित नई गाइडलाइन के अनुसार जिन लाभार्थियों के पास बाइक, उन्हें भी पीएम आवास योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा यदि किसी परिवार का कोई सदस्य 15 हजार रुपए प्रतिमाह कमाता है तो भी उसे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। पहले 10 हजार रुपए प्रतिमाह कमाने वाले लोगों को ही इसमें आवेदन के लिए पात्र माना जाता था तथा परिवार के पास कच्चे एवं आवासहीन परिवारो को योजना के नियमों में ढील दिए जाने से अब अधिक जरूरतमंद और गरीबों तक इस योजना का लाभ पहुंच सकेगा।

जनसुनवाई में 99 आवेदकों की सुनवाई की गई

# प्राप्त आवेदन पत्रों पर संबंधित विभागों को कार्यवाही किये जाने के निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** प्रत्येक मंगलवार में आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आज कलेक्ट्रेट में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी एवं संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय ने 99 आवेदकों की सुनवाई की तथा प्राप्त आवेदन पत्रों पर संबंधित विभागों को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।

सत्येन्द्र कुमार शुक्ला निवासी जनकहाई, द्वारिका यादव निवासी देउर त्योंथर, मुन्नालाल साकेत निवासी रहट, भीमसेन कोरी, वरूणेन्द्र द्विवेदी निवासी बुदामा दुलहरा तथा तिहरा ग्रामवासियों के अवरूद्ध रास्तों में आवागमन सुचारू रूप से संचालित होने के आवेदनों को संबंधित एसडीएम को कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया। शुकवार निवासी हरिहर द्विवेदी के नक्शा तरमीम को निरस्त करने तथा लौआ कोठार निवासी राजकुमार तिवारी के नक्शा तरमीम की जांच किये जाने के आवेदन को संबंधित एसडीएम को प्रेषित कर कार्यवाही करने का आवेदन प्रस्तुत किया जिसे एसडीएम को कार्यवाही करने हेतु प्रेषित किया गया। इसी प्रकार विमला मिश्रा के क्योटी नहर में अर्जित भूमि का मुआवजा देने के आवेदन पर भू-अर्जन अधिकारी को कार्यवाही हेतु तथा मालती निवासी सुआरन टोला के सहायता राशि प्रदान करने के आवेदन को संबंधित एसडीएम को कार्यवाही करने हेतु प्रेषित भेजा गया। मुकेश पटेल अगडाल ने उपार्जित धान का भुगतान कराने का आवेदन दिया जिसे महाप्रबंधक केन्द्रीय सहकारी बैंक को तथा उस्मान अंसारी रीवा निवासी के आयुष्मान कार्ड बनाने के आवेदन को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। राजकुमार विश्वकर्मा ने विद्युत मीटर के रीडिंग से बिल भुगतान का आवेदन प्रस्तुत किया जिसे कार्यवाही किये जाने हेतु विद्युत विभाग को प्रेषित किया गया। जनसुनवाई में विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## समर्थन मूल्य पर 3473006 क्विंटल हुई धान की खरीद

### समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन 23 तक

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए पंजीकृत किसानों से जिले भर में बनाये गये 95 खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है। जिले में पंजीकृत किसानों से 23 जनवरी तक धान का उपार्जन किया जाएगा। जिले में अब तक 54771 किसानों से अब तक 3473006 क्विंटल धान की खरीद की गयी है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी सीबीएस जादौन ने बताया कि अब तक की गयी खरीदी के लिए किसानों को 798 करोड़ 79 लाख 15 हजार 33 रूपये मंजूर किये जा चुके हैं। किसान अपनी सुविधा के अनुसार स्लॉट बुक करके खरीदी केन्द्र और खरीदी के समय का निर्धारण करके समर्थन मूल्य पर धान दे सकते हैं। खरीदी के लिए अब तक 58853 किसानों ने स्लॉट बुक कराये हैं। अब तक 34 लाख 20 हजार 914 क्विंटल धान का परिवहन करके सुरक्षित भण्डारण कर दिया गया है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 649 करोड़ 71 लाख 72 हजार 330 रुपए जारी किए जा चुके हैं।

## कमिश्नर ने जनसुनवाई के आवेदनों में की सुनवाई



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कमिश्नर कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कमिश्नर बीएस जामोद ने विभिन्न आवेदन पत्रों में जनसुनवाई की। कमिश्नर ने स्वास्थ्य विभाग में अनुबंध पर कार्य कर रहे कर्मचारियों के लंबित वेतन के संबंध में कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए कहा कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी लंबित वेतन का सात दिवस में भुगतान कराएं। मुख्य अभियंता ऊर्जा लंबित अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण पर तत्परता से कार्यवाही करें। कमिश्नर ने जल संसाधन, राजस्व तथा अन्य विभागों से संबंधित आवेदनों पर सुनवाई की। जनसुनवाई में संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।